सुप्रभात
रांची, रविवार
23.04.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
* नगर संस्करण । पेज : 12 khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 278
06 असली आग से जलते जंगल और नकली बारिश

## न्यूज डायरी

### अलकायदा की धमकी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**जयपुर।** आतंकी संगठन अलकायदा के नाम से अतीक और अशरफ की हत्या का बदला लेने की धमकी के बाद राजस्थान पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट हो गयी हैं। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने आईबी, एटीएस और एसओजी को अलर्ट कर दिया है।

### 14-14 लाख की इनामी दो महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में शनिवार तड़के पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। दोनों पर 14-14 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

### देवघर में चौकीदार की गोली मारकर हत्या

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी बालू घाट पर चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा (52) का शव मिला है। उसके सिर पर गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### चंदवा : सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना के लाधुप सेन्हा के पास शनिवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। बाइक सवार तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। तीनों युवक एक ही बाइक से हेसला गांव जा रहे थे। इसी क्रम में सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही दो युवकों ने दम तोड़ दिया।

### दाहू यादव के पिता कोर्ट में किये गये पेश

**रांची।** अवैध खनन घोटाला मामले में फरार आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव शनिवार को जज कॉलोनी स्थित ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के आवासीय कार्यालय में प्रस्तुत किये गये। उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया।

### झारखंड में कोरोना के 49 नये संक्रमित मिले

**रांची।** झारखंड में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्य में कोरोना के 49 नये मरीज मिले हैं। जिससे राज्य में एक्टिव केस 309 हो गयी है।

### सुप्रीम कोर्ट के पांच जज कोरोना संक्रमित

**नयी दिल्ली।** देशभर में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के पांच जज भी कोविड से संक्रमित होने की खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मुताबिक, जो जज कोविड संक्रमित हुए हैं उनमें से एक जज समलैंगिक शादी मामले की सुनवाई के लिए बनी संविधान पीठ का हिस्सा हैं। ऐसे में समलैंगिक शादी मामले पर हो रही सुनवाई सोमवार को टाल दी गयी। मुख्य न्यायाधीश स्थिति पर नजर बनाये हुए है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

**प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक खुफिया सुरक्षा डिटेल्स लीक**

# पीएम मोदी को मानव बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र को एक चिट्ठी के जरिये जान से मारने की धमकी दी गयी है। चिट्ठी में सुसाइड बॉम्बर द्वारा हमले का जिक्र है। इतना ही नहीं पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर केरल पुलिस की ओर से गंभीर लापरवाही बरती गयी। सुरक्षा से जुड़ी डिटेल्स भी लीक हो गयी है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस पूरे मामले क जांच शुरू कर दी है। संबद्ध अधिकायरी अव नये सरे से पीएम के कार्यक्रम में बदलाव की नयी योजना तैयार करेंगे। केरल भाजपा ने इस पर कहा कि राज्य का गृह विभाग पूरी तरह से चरमरा गया है। 24 को दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी कोच्चि पहुंचने का कार्यक्रम है।

भाजपा प्रदेश कमेटी कार्यालय में पहुंचे पत्र में कहा गया है कि मोदी के केरल दौरे के दौरान आत्मघाती हमला करेंगे। पीएम दो दिवसीय यात्रा पर 24 केरल का कार्यक्रम है। पीएम 24 की शाम 5 बजे कोच्चि नेवल एयरपोर्ट पहुंचने का कार्यक्रम है। साढ़े पांच बजे तक वह भाजपा के रोड शो में शामिल होंगे। थेवारा सेक्रेड हार्ट कॉलेज मैदान में युवा संगठनों के एक सम्मेलन 'युवम' का उद्घाटन करेंगे। धमकी संबंधी पत्र एनार्कुलम के मूल निवासी जोसेफ जॉन नादुमुत्तथिल के नाम से आया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि एक सप्ताह पहले भाजपा राज्य समिति कार्यालय में पत्र प्राप्त हुआ था और उन्होंने इसे केरल पुलिस प्रमुख को सौंप दिया था। मामला शनिवार सुबह प्रकाश में आया।

### सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर, नये प्लान की तैयारी

पीएम के केरल दौरे की खुफिया सुरक्षा योजना लीक होने और धमकी वाले पत्र को ले कर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं। एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। एडीजीपी इंटेलिजेंस द्वारा तैयार सुरक्षा योजना लीक हो गयी। सुरक्षा के प्रभारी अधिकारियों का विवरण भी लीक हो गया। 49 पन्नों की इस रिपोर्ट में वीवीआईपी सुरक्षा पर व्यापक जानकारी है। इसे केवल उन जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया था, जहां प्रधानमंत्री जायेंगे। एडीजीपी इंटेलिजेंस टीके विनोद कुमार ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। बदलाव करने के बाद अधिकारी नयी योजना तैयार करेंगे।



**संदिग्ध से पूछताछ :** इस बीच, कोच्चि निवासी एन जे जॉनी (जिसका नाम और नंबर कथित धमकी भरे पत्र में था) ने खुद को इस मामले में निर्दोष बताया है। उन्होंने मीडिया से कहा, पुलिस ने मुझसे पूछताछ की है, मैंने उन्हें सारी जानकारी दी है। उन्होंने लिखावट और हर चीज की जांच की। उनके परिवार ने कहा कि उन्हें इलाके के एक अन्य व्यक्ति पर शक है। इस पत्र के पीछे एक चर्च से संबंधित कोई विवाद है।

**आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी :** रिपोर्ट के मुताबिक जांच में सामने आया है कि पीएम की हत्या वाली धमकी भरी चिट्ठी कोच्चि के एक निवासी ने लिखी थी। जिसमें आत्मघाती मानव बम के जरिये पीएम को उड़ाने की धमकी है। भाजपा राज्य समिति के अध्यक्ष को मलयालम में लिखा एक पत्र मिला था, जिसमें पीएम पर आत्मघाती हमलावर ने हमला करने की धमकी दी थी। सुरक्षा अधिकारी पत्र की सत्यता और इसके पीछे किस शख्स की भूमिका है उसकी जांच में जुट गये हैं।

### सुरक्षा डिटेल्स का लीक होना गंभीर मामला : केंद्र

केंद्रीय राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी एडीजीपी (खुफिया) रिपोर्ट के कथित लीक होने की निंदा की और कहा कि यह एक गंभीर मामला है। 49 पन्नों की रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, प्रधानमंत्री के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य बातों का विवरण दिया गया है। मुरलीधरन ने आरोप लगाया, ''मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि कैसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट लीक हो गयी और व्हाट्सएप पर वायरल हो गयी। इसका मतलब है कि राज्य का गृह विभाग चरमरा गया है।

## राजधानी में ईद उल फितर का उत्साह



**रांची।** झारखंड में ईद उल फितर को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। इसे लेकर राजधानी रांची के प्रसिद्ध ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी गयी। जहां लोगों ने देश में अमन चैन की दुआ की। लोगों के बीच भाईचारा और एकता का संदेश दिया। मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बताया कि ईद उल फितर शांति, एकता, हर्षोल्लास और अमन का त्यौहार है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। बता दें कि राजधानी रांची का हरमू ईदगाह बेहद प्रसिद्ध है। पूर्व में जब सैयद सिब्ते रजी और सैयद अहमद झारखंड के राज्यपाल हुआ करते थे तब ईद की नमाज पढ़ने इसी ईदगाह में आया करते थे।

## शराब घोटाले में विनय चौबे से इडी की पूछताछ

### छत्तीसगढ़ इडी के समक्ष झारखंड के उत्पाद सचिव ने रखा अपना पक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में झारखंड के उत्पाद सचिव विनय चौबे शनिवार को इडी के समन पर रायपुर (छत्तीसगढ़) पहुंचे, जहां इडी ऑफिस में उनसे पूछताछ हुई। इस दौरान विनय चौबे ने अपना बयान जांच टीम के समक्ष दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने श्री चौबे और बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी को समन किया था। सूत्रों के अनुसार विनय चौबे ने इडी के जोनल ऑफिस में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के साथ हुए समझौते समेत अन्य पहलुओं पर अपनी बातें रखी। झारखंड में साल 2022 में शराब नीति बनाने के लिए छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के साथ झारखंड सरकार ने समझौता किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी एक्साइज पॉलिसी



चूंकि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए सरकार ने प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था। झारखंड में यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। माना जा रहा है कि झारखंड सरकार के एक्साइज सेक्रेटरी और डायरेक्टर की ओर से इस मामले में इडी के समक्ष पक्ष रखे जाने के बाद यहां भी जांच शुरू हो सकती है।

## सीबीआई ने बंगाल, कर्नाटक में छह स्थानों पर की छापेमारी

**स्कूल नौकरी घोटाला**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी घोटाले की जांच के संबंध में पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में छह अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के अधिकारियों ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तेहत्ता क्षेत्र से विधायक तापस साहा और उनके सहायक के आवास और कार्यालय में 15 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हमने साहा के तेहत्ता स्थित आवास और कार्यालय से कई दस्तावेज और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। हमने विधायक से शनिवार सुबह तक पूछताछ की है। उन्होंने कहा कि सीबीआई के अधिकारी साहा को बेताई इलाके के एक कॉलेज में ले गये और वहां तलाशी ली। साहा शुक्रवार रात विधायक आवास पर लौटे और शनिवार सुबह छह बजे तक उनसे पूछताछ की गयी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। घोटाले के सिलसिले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी सहित सत्तारूढ़ दल टीएमसी के कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### इडी ने 24 को छवि रंजन को बुलाया

**रांची (खबर मन्त्र)।** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी सह रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को दो सप्ताह की मोहलत देने से इडी ने इनकार कर दिया है। उन्होंने मोहलत के लिए अपने एडवोकेट के माध्यम से कई प्रयास किये लेकिन नहीं मिली। इडी ने एक बार फिर से समन जारी करते हुए छवि रंजन को 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में तलब किया है।

>> रांची के पूर्व डीसी को तीसरा समन
>> मोहलत देने से इनकार

**पहुंचना होगा ईडी कार्यालय :** रांची में जमीन घोटाला मामले में श्री रंजन ने ईडी से दो हफ्ते का वक्त मांगा था, लेकिन इडी ने इसे अनुसंधान टालने की कोशिश माना।

(शेष पेज 11 पर)

## सरकारी बंगला खाली कर राहुल बोले - शुक्रिया !

**नयी दिल्ली( एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार पूरी तरह से 12 तुगलक लेन का सरकारी बंगला खाली कर दिया। मौके पर उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। बताते चलें कि राहुल गांधी इस बंगले में पिछले 19 वर्षों से रह रहे थे। राहुल गांधी ने लोकसभा सचिवालय के



अधिकारियों को चाबी सौंप दी। इस मौके पर उन्होंने बंगले में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ फोटो भी खिंचवायी। बंगला खाली करने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान के लोगों ने मुझे 19 साल तक यह घर दिया, मैं उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह सच बोलने की कीमत है।

( शेष पेज 11 पर)

## मौसम ने ली करवट, तेज हवा के साथ बारिश-वज्रपात

➲ ठनका की चपेट में आने से तीन की मौत, कई घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्यभर में शनिवार को तेज आंधी और बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट दर्ज की गयी। वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी और कई लोग झुलसने से गंभीर रूप से जख्मी हैं। मौसम केंद्र ने राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है।

**तापमान गिरा :** झारखंड में प्रचंड गर्मी से परेशान लोगों को कुछ दिनों के लिए राहत मिली। बारिश से अधिकतम तापमान रांची का 34.7, जमशेदपुर का 37.2 और डालटेनगंज का 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची में 14 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी।


(शेष पेज 11 पर)

### इटकी में दो और सोनाहातू में एक की मौत



तेज आंधी पानी के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर इटकी थाना क्षेत्र के बिंधानी गांव में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि दो युवक झुलस गये। मृतकों की पहचान बिंधानी के अनूप कुजूर (20) और सुशील मुंडा (19) के रूप में हुई। दोनों कुछ युवकों के साथ वॉलीबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान ठनका की चपेट में आ गये। वहीं सोनाहातू के तेतला गांव में वज्रपात से राजेंद्र महतो नामक एक युवक की मौत हो गयी। वहीं प्रदीप महतो, रोमनी देवी, दुलारी देवी, सोबी देवी घायल हैं।

**रांची समेत 16 जिलों में बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को राज्य के 16 जिलों में बारिश हुई। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चली। अगले दो दिनों तक राजधानी में बादल और बारिश की संभावना है। चार दिनों तक राज्य के दक्षिणी, उत्तर पश्चिमी और मध्य इलाकों में बारिश होगी। इसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूग, पश्चिमी सिंहभूग, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार शामिल है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी।



### जमीन घोटाले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने फोड़ा ट्विटर बम, पूछा

# कमिश्नर की रिपोर्ट पर राज्य सरकार ने छविरंजन पर क्यों नहीं की कार्रवाई

**मामले में राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं किये जाने पर ईडी से संज्ञान लेने का किया आग्रह**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


बाबूलाल मरांडी


छविरंजन

**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने जमीन घोटाले में ट्विटर बम फोड़ा है। बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि रांची में जाली कागजात से जमीन हेराफेरी के अलावा चार लोगों को नोटिस देकर परेशान और भयादोहन करने का काम भी छवि रंजन ने किया है। उनके कार्यकाल में काफी जमीन घोटाला हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने ईडी के निदेशक को संबोधित करते हुए कहा कि रांची जमीन घोटाले की जांच और पूछताछ में इस विषय पर छवि रंजन के खिलाफ कमिश्नर की रिपोर्ट पर सरकार के द्वारा कार्रवाई नहीं की गई, इसके पीछे के कारणों का भी इडी संज्ञान लेकर पड़ताल करे। बाबूलाल की इस ट्विटर बम से सत्ता पक्ष और विपक्ष में खलबली मच गई है।

गौरतलब हो कि बीते 13 अप्रैल को इडी की टीमों ने झारखंड के समाज कल्याण विभाग के निदेशक आइएएस छवि रंजन सहित 18 लोगों के झारखंड, बिहार, बंगाल स्थित 22 ठिकानों पर छापामारी की थी। इडी ने छापामारी के दौरान छवि रंजन से पूछताछ भी की थी। छापेमारी के दौरान इडी ने जमीन-जायदाद से सैकड़ों डीड, कागजात, हेराफेरी के लिए तैयार किए गए फर्जी दस्तावेज, सील-मुहर, अंचल कार्यालय के सरकारी रजिस्टर आदि बरामद किया था। इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें इडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इनमें बंगाल के आसनसोल निवासी कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इडी ने छापेमारी के दौरान आइएएस छवि रंजन से उनका मोबाइल लेकर भी जांच की थी। इसमें पाया गया कि उन्होंने जमीन हेराफेरी से जुड़े मामले में इडी की संभावित कार्रवाई और पूछे जाने वाले सवालों के जवाब तैयार कर रखे थे।

छवि रंजन इससे पूर्व रांची के उपायुक्त थे। उनके कार्यकाल में सेना की जमीन के अलावा कई अन्य भू-खंडों की खरीद-बिक्री फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए जाने का घोटाला हुआ है। इसी मामले में कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस त्रिदिप मिश्रा को भी ईडी ने समन कर दिया है। उन्हें आगामी दो मई को रांची स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दरअसल रांची में जिन जमीनों की खरीद-बिक्री में फजीर्वाड़ा हुआ है, उसके दस्तावेज बंगाल में तैयार किए गए हैं।

### सीबीआई पर केंद्र के इशारे पर काम करने का लगाया आरोप

## बकोरिया कांड में पक्षपातपूर्ण जांच व क्लोजर रिपोर्ट से सीबीआई का मुखौटा फिर हटा: बंधु

**10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषियों के विरुद्ध जांच के बाद समर्पित क्लोजर रिपोर्ट गंभीर मामला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व मंत्री और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पलामू सदर थाना क्षेत्र के सतबरवा ओपी अंतर्गत बकोरिया में पिछले 8 जून 2015 को हुए कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की पक्षपात पूर्ण जांच और उसकी क्लोजर रिपोर्ट से यह जाहिर हो गया है कि यह एजेंसी पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई के चेहरे से उसका बचा-खुचा मुखौटा भी उतर चुका है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और यही कारण है कि जहां विपक्षी नेताओं पर लगे आरोपों पर उसकी कार्रवाई तेज गति से होती है वहीं, जो नेता भाजपा में चले जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी जाती है।

उन्होंने कहा कि पलामू का बकोरिया हत्याकांड एक ऐसा नरसंहार था जिसकी हो रही जांच के ऊपर झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों की नजर थी। श्री तिर्की ने कहा कि बकोरिया ऐसा कांड था जिसमें सिपाही से लेकर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अनेक अधिकारियों से सीबीआई ने पूछताछ की थी। इसके अलावा पुलिस के ऊपर पीड़ित परिवारों के द्वारा जो आरोप लगाये गये थे उसके मामले में भी सीबीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसे कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। श्री तिर्की ने कहा कि 10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषियों के विरुद्ध जांच के उपरांत समर्पित यह क्लोजर रिपोर्ट बहुत ही गंभीर मामला है और इस मामले पर झारखंड के भाजपा नेताओं को विशेष रूप से अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये क्योंकि पहली नजर में यह एकतरफा रिपोर्ट लगती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस मामले पर और भी अधिक गंभीरता के साथ जांच पड़ताल का निर्देश दे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सीबीआई को निष्पक्ष बनाने की दिशा में कदम उठायें।

## राज्य के नगर निकायों को गार्बेज-फ्री बनाने पर करें फोकस : सूडा निदेशक

**स्वच्छ भारत मिशन 0.2 के तहत शहरों को गार्बेज फ्री करने और वेस्ट मैटेरियल को डिस्पोज कर साफ - सफाई अभियान तेज करने का दिया गया टास्क**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक अमित कुमार ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों से स्वच्छ भारत मिशन 0.2 के शहरों को गारबेज फ्री करने, वैस्ट मैटेरियल के डिस्पोजल के साथ साथ उसके रीयूज पर भी फोकस करने व साफ सफाई अभियान तेज करने को कहा है। अधिकारियों को यह भी कहा की अमृत 2.0 मिशन से हर घर में जल पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा सभी नगर निकायों को कई निर्देश भी दिये गये हैं।

निदेशक ने दोनों केंद्रीय योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य पाने के लिए जनभागीदारी के सहयोग से काम करने को भी कहा है। इसे लेकर उन्होंने राज्य के सभी निकायों को पत्र भी लिखा है।

**पत्र में जो दिये गये हैं निर्देश**

सूडा के निदेशक ने पत्र के माध्यम से अधिकारियों को जो निर्देश दिये हैं। उसमें नगर निकायों में क्षमता संवर्द्धन करने के लिए कार्यक्रम चलाए ,ताकि नगर निकाय सक्षम हो सके। एसबीएम और अम्रुत 0.2 का लक्ष्य प्राप्त करें। अम्रुत 0.2 के तहत हर घर तक टैप वाटर पहुंचाया जा सके और शहरों में ग्रिन एरिया बढ़ाने पर काम करें। नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ाना है। वेस्ट वाटर को उपयोगी बनाना है। किसी भी योजना के लिए जनभागीदारी बढ़ाना है तथा योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन संपन्न हो, जैसे निर्देश दिये हैं।

# नोटिस पर धुर्वा थाना पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष समेत भाजपा के पांच नेता, आरोपों को किया खारिज

**22 अप्रैल को थाना में बुलाया गया था**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव के दौरान धारा-144 उल्लंघन के आरोप में धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी को लेकर भेजे गए नोटिस के आलोक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल और भाजपा मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह समेत कई कार्यकर्ता धुर्वा थाना पहुंचे। इन नेताओं ने पुलिस ने घेराव कार्यक्रम में धारा 144 के उल्लंघन के मामले में आधे घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी को स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कानून का पालन करने वाले अनुशासित लोग हैं। ऐसे में उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह बेबुनियाद है। विधायक सीपी सिंह ने धुर्वा थाना प्रभारी को कहा कि पुलिस ने जो नोटिस भेजा है, जो धारा लगायी गयी है, जहां पर कार्यक्रम स्थल था, वहां धारा 144 लागू नहीं की गई थी। इसी तरह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम और इस दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ के बारे में कहा कि सचिवालय घेराव करने से पहले जगन्नाथपुर मैदान में सभा स्थल बनाई गई थी। उसके बाद कार्यकर्ता सचिवालय के लिए रवाना हुए थे। मगर बीच में ही उन्हें रोक दिया गया। जहां कार्यकर्ताओं को रोका गया, वहां धारा 144 लागू नहीं थी। फिर भी पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले छोड़कर कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया गया। ऐसे में जो भाजपा कार्यकर्ता शांति के साथ सचिवालय घेराव करने के लिए जा रहे थे, उनका क्या दोष है।

**गठबंधन सरकार को जितना केस करना है कर ले, भाजपा डरनेवाली नहीं : दीपक प्रकाश**

धुर्वा थाना में पूछताछ के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि गठबंधन की सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं पर जितना केस करना है कर ले, हम डरने वाले नहीं हैं। सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करती रहेगी। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जिन धाराओं का उल्लेख नोटिस में किया गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि जानबूझकर सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं को केस के जरिए डराने की कोशिश कर रही है। मगर, भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह से लाठियां बरसाई गई, वह कहीं ना कहीं लोकतंत्र का हनन है और उसके बाद हद तो तब हो गई जब भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानबूझकर प्रशासन के द्वारा सरकार के दबाव में प्राथमिकी दर्ज की गई। कार्यकर्ता लोकतंत्र में आंदोलन के तौर तरीके के जरिए सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे।

## हाईकोर्ट से हटाये गये 86 सुरक्षाकर्मी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा में पिछले कई वर्षों से तैनात 86 पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिन पुलिसकर्मियों को हटाया गया है, वे राज्य के सभी 24 जिलों से हाईकोर्ट की सुरक्षा में प्रतिनियुक्त किये गये थे। लंबे समय से एक ही जगह पर प्रतिनियुक्ति मामला संज्ञान में आने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिसकर्मियों को उनके जिले में वापस काम करने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि सभी पुलिसकर्मी कई वर्षों से एक स्थान पर जमे थे। इससे सुरक्षा संबंधित कार्य के प्रति उदासीनता उत्पन्न होने और संवेदनशीलता में कमी आने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया कि कि इन पुलिसकर्मियों के स्थान पर किसी दूसरे योग्य पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर हाईकोर्ट में प्रतिनियुक्त करें।

### जेइपीसी ने बदली कक्षा 7वीं तक की परीक्षा की तिथि, अब एक ही पाली में होगी परीक्षा

# सरकारी स्कूलों में 7वीं तक परीक्षा 6 मई से

**झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में अब पहली से 7वीं तक की परीक्षा 6 मई से होगी। 13 मई तक होनेवाली यह परीक्षा अब दो पालियों की बजाये रोज एक ही पाली में होगी। बताते चलें कि जेईपीसी की ओर से कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों की परीक्षा की तिथि बदल दी गई है। नया डेट सहित शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसका आदेश झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी कर दिया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सरकारी, मॉडल स्कूल, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 7 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के वार्षिक योगात्मक-मूल्यांकन होना है। पूर्व निर्धारित कैलेंडर के अनुसार 26-27 अप्रैल-2023 और 2 मई 2023 को दो पालियों में आयोजन किया जाना था। निदेशक ने लिखा है कि उक्त कैलेंडर में आंशिक संशोधन किया गया है। अब वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन 6 से 13 मई, 2023 तक एकल पाली में प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 9.30 बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

**परीक्षा/योगात्मक मूल्यांकन को लेकर दिशा-निर्देश :** सभी सरकारी, मॉडल स्कूल, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्रारंभिक विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन कक्षा 1 से कक्षा 7 के लिए होगा। कक्षा 1 एवं कक्षा 2 की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा 3 से कक्षा 7 के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय तथा दीर्घउत्तरीय प्रकार के होंगे। मुद्रित प्रश्न-सह- उत्तर पुस्तिका के माध्यम से परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें छात्र/छात्राओं को निर्धारित स्थान पर उत्तर लिखना होगा। परीक्षा 7.30 बजे पूर्वाहन से 9.30 बजे पूर्वाहन तक एकल पाली में आयोजित होगी। कक्षा 3 से 5 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित है।

कक्षा 5 से 7 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित हैं, परंतु गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए 50-50 अंक का लिखित और 10-10 अंक के प्रोजेक्ट कार्य (कुल 50+10=60) के लिए निर्धारित किया गया है और संथाली, हो, खड़िया, मुंडारी, कुडुख विषयों हेतु कक्षावार प्रश्न-पत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किये जायेंगे।

## झारखंड में ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास तेज

**बदलते राजनीतिक और प्रशासनिक परिदृश्य में टीएसी की भूमिका पर शोध करायेगी सरकार**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से टीएसी (आदिवासी सलाहकार समिति) को और भी प्रभावी बनाने की कवायद चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इसके ऊपर शोध कराये जाने की तैयारी चल रही है। मोरहाबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा ट्राइबल वेलफेयर रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीआरआई) ने इसके लिए पहल की है। उसकी ओर से शोध कार्य के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसके जरिये वर्तमान समय में बदलते पॉलिटिकल और एडमिनिस्ट्रेटिव परिदृश्यों के बीच टीएसी की भूमिका और प्रासंगिकता के संबंध में योग्य शोधकर्ताओं की मदद ली जानी है।

रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर की ओर से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इस काम के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट फिर से जारी किया गया है। इसमें सभी यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी के सभी विभागों, सरकारी संस्थान, मान्यता प्राप्त शोध संस्थानों से मदद मांगी गयी है।

**शोध के लिए 3 मई तक कर सकते हैं आवेदन**



जारी विज्ञापन के मुताबिक निर्धारित विषय पर शोध कार्य के लिए इच्छुक यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों से कहा गया है कि 3 मई 2023 तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सीलबंद लिफाफे में तकनीकी प्रस्ताव निदेशक, टीआरआई, मोरहाबादी के पते पर भेजने होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट की मदद ली जा सकती है।

मालूम हो कि अभी राज्य में सीएम की अध्यक्षता में ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी गठित है। आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन इस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा 15 विधायकों के अलावा दो मनोनीत सदस्य हैं। इसकी बैठक में जनजाति समाज के कल्याण संबंधी कार्यक्रमों पर चर्चा होती है।

## परीक्षाओं के लिए जेएसएससी का कैलेंडर जारी

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने एग्जाम कैलेंडर 2023 जारी कर दिया है। उसकी वेबसाइट पर 10 प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा इसी वर्ष जून माह के अंतिम सप्ताह में ली जा सकती है। पीजी प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा सीबीटी के आधार पर जुलाई महीने के दूसरे सप्ताह में होगी। झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सीबीटी के आधार पर अगस्त माह से पहले सप्ताह में ली जायेगी। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सितंबर के पहले सप्ताह में होगी। इसके अलावा झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मई माह के पहले सप्ताह में विज्ञापन जारी होगा। सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में इसकी परीक्षा ली जायेगी।

## ट्रेन छूट गयी तो दो स्टेशन तक होगा आपका इंतजार

**जानें क्या है रेलवे का नियम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रेल का सफर करनेवालों के लिए यह जानना जरूरी है कि ट्रेन आपकी छूट गयी तो आपका बर्थ दो स्टेशन के बाद ही दूसरे को मिलेगा। आप पहले या दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपने बर्थ पर जा सकते हैं। इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है। यानी कि आपकी ट्रेन बोर्डिंग स्टेशन से छूट जाती है तो आपके पास विकल्प है।

**क्या कहता नियम :** मान के चलिये कि आपने रांची से पटना तक के लिए टिकट लिया है और आप किसी कारणवश रांची स्टेशन से ट्रेन नहीं पकड़ पाते हैं तो आप अगले 2 स्टेशन तक उस ट्रेन को पकड़ सकते हैं। टीटीई भी उस दौरान किसी और शख्स वो सीट नहीं दे सकता। हां, अगर आप दो स्टॉप गुजरने के बाद भी ट्रेन में नहीं पहुंचते हैं तो टीटीई आपका बर्थ किसी अन्य को अलॉट कर सकता है।

**ट्रेन छूट गयी और यात्रा नहीं करना चाहते :** अगर आपका बोर्डिंग स्टेशन रांची से है, लेकिन वो ट्रेन छूट गयी और आप अगले स्टेशन से भी यात्रा नहीं करना चाहते हैं, तो आप टीडीआर यानी कि टिकट डिपॉजिट रिसीट भी फाइल कर सकते हैं। इसकी मंजूरी मिलने के बाद आपको बेस फेयर का 50 फीसदी रिफंड मिल जाएगा। इसके अलावा आप बोर्डिंग स्टेशन से रवानगी के तीन घंटे बाद भी टिकट कैंसिल करा सकते हैं।

### पुलिस उप महानिरीक्षक, रांची ने जांच के लिए बनायी पांच जिलों की एसआइटी

# पुलिस को आशंका, नेपाल से संगठन को संचालित कर रहा है सुप्रीमो दिनेश गोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप नेपाल से झारखंड में अपने संगठन को ऑपरेट कर रहा है। इस बात की आशंका झारखंड पुलिस को है। पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में एक एसआइटी का गठन किया है, इसमें पांच जिलों की पुलिस को शामिल किया गया है। रांची, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में जिलावार गठित एसआईटी का नेतृत्व एएसपी अभियान और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को दिया गया है। सभी टीमों को एक साथ समन्वय बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के मुताबिक, लातेहार के बालूमाथ थाने के हाजत से फरार हुआ दिनेश गोप का खास कृष्णा यादव लगातार उग्रवादी घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

**गोप के इशारे पर घटना को अंजाम दे रहा चान्हों का कृष्णा**

उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के इशारे पर उग्रवादी कृष्णा यादव ने हाल के दिनों में सिमडेगा, गुमला समेत कई जिलों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। नेपाल में छिप कर रह रहे दिनेश गोप के निर्देश पर हाल में गुमला, सिमडेगा में कृष्णा यादव ने सरकारी ठेके कंपनियों की साइट पर आगजनी की थी। कृष्णा यादव को रांची पुलिस ने साल 2021 में बड़ी मशक्कत के बाद चतरा इलाके से गिरफ्तार किया था। थाने में 22 मार्च 2021 की सुबह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर कृष्णा यादव फरार हो गया था। इसके बाद उसने कई उग्रवादी कांडों को अंजाम दियाद्ध रांची के चान्हो में कृष्णा यादव के द्वारा ही दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था, जबकि कई आगलगी की घटनाओं में भी उसकी संलिप्तता रही थी।

**कई नए युवाओं को पीएलएफआई से जोड़ा**

पुलिस को सूचना मिली है कि हाजत से फरार होने के बाद कृष्णा यादव ने कई युवाओं को पीएलएफआई से जोड़ा है. युवाओं का इस्तेमाल कर वह ग्रामीण इलाकों में लेवी के लिए वारदात को अंजाम दे रहा. पुलिस की चिंता यह भी है कि जिन इलाकों में माओवादियों का प्रभाव कम हुआ है, वहां पीएलएफआई सुप्रीमो के इशारे पर कृष्णा यादव ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं. ऐसे में हर हाल में गठित एसआईटी की टीम को निर्देश दिया गया है कि वह संगठन पर नकेल कसे और सदस्यों को गिरफ्तार करें।

> उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड पुलिस ने कमर कस ली है। ऐसे में पुलिस को सूचना मिली है कि दिनेश गोप नेपाल में छिपा है। इसका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम नेपाल भी जाएगी।
>
> **अनूप बिरथरे, डीआईजी, रांची**

# सर्वजन पेंशन योजना

## के तहत 3 वर्ष में तीन गुणा वृद्धि

21,61,615

सर्वजन पेंशन योजना का उद्देश्य ही गरीब एवं जरुरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के तहत अतिरिक्त 15 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला, दिव्यांग, आदि को जोड़ते हुए अबतक 21.61 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है तथा छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वजन पेंशन योजना के लिए ₹2,130.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

6,60,871

**31.12.2019** तक पेंशनधारियों की संख्या

**20.04.2023** तक पेंशनधारियों की संख्या

## क्या कहते हैं लाभुक



पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले एक साल से पेंशन मिल रहा है। पेंशन बैंक खाते में प्राप्त हो रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। साथ ही कई अन्य जरूरतों को पूरा करती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।

**संगीता देवी, तोपचांची, धनबाद**



पेंशन की राशि से मेरी छोटी मोटी जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार सभी लोगों को सक्षम बना रही है, बुजुर्गों को पेंशन दे रही है, इससे अच्छा और क्या होगा ? चाय पानी के लिए बच्चों से पैसा नहीं लेना पड़ता। बुजुर्ग अब बोझ नहीं होंगे। पहले दौड़ भाग कर के भी पेंशन नहीं मिला। अब घर बैठे मिल गया है, इसकी खुशी ज्यादा है।

**रजनीकांत आचार्य, उत्तरी इचड़ा पंचायत, पूर्वी सिंहभूम**



इंञ मिलोती देवी इंञ रेन जमाय ञतुम कांता प्रसाद मांझी, आतु बूढ़ीडीह पंचायत करमाटांड़ प्रखण्ड चंद्रापुरा जिला बोकारो रेन ताहेन काना। आतु पंचायत रेन जनता दरबार हुय लेना, उन रे जनता दरबार रे बी0डी0ओ0, सी0 ओ0, मुखिया, आतु सेवक सनाम हेअ लेना अनको सनाम गी इंञ मिता आदिइंञ। पेंशन फारम हो भरा कतिञ। में आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर उना पैसा ते आयमा भाली हुयूआ उना पैसा ते मौका घड़ीञ गिदरा आह किताब, कलाम, कापी किरीञ लिगीत इमा कुकाना जहा बंचा उना पैसा ते तेल साबुन हताह इदा जहा सहायता लिगीत ते सरकार हेमन्त सोरेन आ आयमा आयमा सराहाव।

**मिलोती देवी, ग्राम बूढ़ीडीह, पंचायत करमा टांड, प्रखण्ड चंद्रपुरा, बोकारो**



कुछ माह पूर्व से ही पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहले कई बार पेंशन योजना से लाभान्वित होने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रिक्ति खाली होने पर योजना से जोड़ने की बात अधिकारी कहते थे। लेकिन सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने से मुझे योजना का लाभ मिलने लगा। अभी मैं काफी खुश हूं। राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बेटा को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

**तारा सिंह, जर्मन कॉलोनी, बोकारो**



विवाह से 2-3 वर्ष के पश्चात अपने पति से अलग हो गई। जिसके बाद से मैं अपने पिता के साथ ही उनके घर में रह रही हूं। आर्थिक रूप से सहायता के लिए मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया। पेंशन योजना की स्वीकृति मिली और अब पेंशन का लाभ मिल रहा है। मेरे जैसी सैकड़ों निराश्रित महिलाओं के लिये यह सहारा है, जिससे हमें जीवन यापन करने में सरकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**चंदा कुमारी, नगर उंटारी प्रखंड, गढ़वा**



पेंशन लेवे में कोनो परेशानी नखे। प्रतिमाह सरकार हमर बैंक खाता में पेंशन कर राशि भेज देव थे, जेकर उपयोग हम अपन रोज रोज कर छोट-मोट खर्च ले कर थी। सरकार कर ई योजना के लागू होवे से हम बहुत खुश ही, काहे से कि इकर ले सरकार ने बीपीएल श्रेणी कर मांग के हटाय देलक।

**सीता देवी, भण्डरा, लोहारदगा**



साबेन् को जोहार। अयाह् नुतुम सरस्वती लामाय, अनाह् हो वा: नुतुम्- स्व० सिद्धेश्वर बोयपाई, हातु- सोसोपी, पंचायत- तोन्डांहातु, प्रखण्ड- जगन्नाथपुर, जिला- प० सिंहभूम। आले हातु रे जनता-दरवार होवा-लेना। एनते मुखिया को, ग्राम सेवक, तेको कजीयाञ तनड: च् अिम् रान्डी-अम्बारोब एना् एनते पेंशन रेय: फॉर्म् पेरे:म् को मेताञ् तना:। फॉम को पेरे: केड़ा एनते न:अ छ: महिना होबायना गेया। पाँच तारीख तक रे पोयसा बेटान तना गेया, एन ते पोयसा: छुडावए तन गेया: । एन ते, सरकार के ञेन लाभ एमाडीञ ते इसु रान्सा: होवायेना। एन् ते नेन पोयसा: तेगे नाह: सुनुम साबुन च: होन पड़ाव इची ताई ऐ:। सरकार नेलेकान लाभ को आन्डो एमा ले: रे दो एसु रान्सा रेया: काजी। ञेन हेमन्त सोरेन सरकार के ईकिर जीवोन ते् जोहार।

**सरस्वती लामाय, जगन्नाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम**



बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफ़ी कठिनाई हो रही थी। कुछ माह पूर्व मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभ हेतु आवेदन जमा किया था। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा है। पेंशन मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में मदद मिल रही है।

**महेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत, लातेहार**



मैं एकल महिला हूँ। मेरे परिवार में कोई सदस्य नहीं है। खुद का पालन पोषण करने में कठिनाई होती थी। मुझे मुखिया द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का पता चला। इसके लिए मैंने फॉर्म भरा, तो आज मुझे पेंशन का पैसा मिल रहा है, जिससे जीवन अच्छा चल रहा है। मैं हेमन्त सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूँ।

**फरीदा बेगम, ग्राम पंचायत तमाड़, रांची**



सर्वजन योजना लागू होने के उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ मिला। आज खुद को सबल महसूस कर रहा हूं। दिव्यांग होने के कारण मैं अपने आप को उपेक्षित महसूस करता था, परंतु प्रखंड कार्यालय में पेंशन हेतु आवेदन करने के दो दिवस उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। तब से प्रत्येक माह मुझे पेंशन के रूप में ₹1000 प्राप्त होने लगा और मुझे अपने जीवन यापन में काफी सहूलियत होने लगी।

**गणेश बानरा, डालियामिंचा पंचायत, चाईबासा**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 295760 (IPRD) 23-24

शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की हाजिरी को लेकर विभाग ने फिर से जारी किया निर्देश

# प्राथमिकता के आधार पर ई-विद्यावाहिनी में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की हाजिरी को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से एक बार फिर से नया निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर ई-विद्यावाहिनी में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के निर्देश के अनुसार राज्य अंतर्गत संचालित सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत सभी प्रकार के शिक्षक एवं गैर शिक्षकेतर कर्मी का आंकड़ा ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से संधारित किया जाता है। साथ ही शिक्षकों गैर-शिक्षकों को अपनी उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज करना है।

इस निर्देश के आलोक में रांची जिले में कार्यरत सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी अपनी प्रतिदिन की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी ऐप के माध्यम से बायोमिट्रीक से बनाना सुनिश्चित करेंगे।

जिले में कार्यरत सभी शिक्षकेतर, गैर शिक्षकेतर कर्मियों को निर्देश भी दिया गया है कि प्राथमिकता के आधार पर अपना ई-विद्यावाहिनी में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

## इन निर्देशों का भी करें पालन

जिन शिक्षक, गैर शिक्षकेतर कर्मी का किसी कारण से ई-विद्यावाहिनी में बायोमिट्रीक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है, वैसी स्थिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपनी उपस्थिति में सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर द्वारा बायोमिट्रीक रजिस्ट्रेशन कराने का प्रयास करेंगे। सभी शिक्षक, गैरकर्मियों का माह अप्रैल 2023 से उनके वेतनादि, मानदेय का भुगतान ई-विद्यावाहिनी में दर्ज उपस्थिति के आधार पर होगा। इवीवी को मोबाइल एप के नए वर्जन 2.3.4 में विद्यालय एवं शिक्षक के लॉगिन से मैन्यूअल अटेंडेंस को हटा दिया गया है। सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षकेतर कर्मी द्वारा ऑनलाईन अटेंडेंस (100 मीटर) में ही दर्ज किया जाना है। यह सभी निर्देश सभी केजीबीवी, जेवीएवीस एसएनएससीवीएवी के लिए भी लागू होगा। सरकारी विद्यालय का टैब एवं एक मंत्रा डिवाइस का क्रय करना जरूरी हो तो विद्यालय विकास अनुदान/ विद्यालय विकास कोषक माध्यम से पूर्व में राज्य परियोजना के निर्देश के अनुसार विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में प्रस्ताव पर अनुमोदन लेते हुए नियमानुसार क्रय करेंगे। सरकारी विद्यालय के पास उपलब्ध मंत्रा बायोमिट्रीक डिवाइस यदि खराब है तो उसे जिला परियोजना कार्यालय में जमा कर उसकी पावती प्राप्त करेंगे, ताकि उसे कम्पनी के माध्यम से बनवाया जा सके। यह आदेश सभी सरकारी शिक्षक/ सहायक अध्यापक/घंटी आधारित शिक्षक/अंशकालिन शिक्षक/ वाह्य स्त्रोत से नियुक्त कर्मी पर भी लागू माना जाएगा। सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी अपनी छुट्टी का आवेदन ऑनलाईन करते हुए उपभोग करेंगे। सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, अपने विद्यालय कोष से एक टैब एवं एक मंत्रा बायोमिट्रीक डिवाइस का क्रप करते हुए ई विद्यवाहिनी एप के माध्यम से विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक/गैर शिक्षकेतर कर्मी अपनी उपस्थिति बनायेंगे।

## तीन दिवसीय वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव आज से

**रांची।** राजधानी के हरमू में वीर कुंवर सिंह पार्क में आज से तीन दिवसीय बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव का शुभारंभ होगा। सुबह 8:30 बजे से 11: 30 बजे तक पूजा एवं वेद मंत्र होगा। दोपहर 3:30 बजे से बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता होगी। बाबू वीर कुंवर सिंह विचार मंच हरमू रांची के ललन सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल 2023 को शाम 5:00 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन

**रांची।** आर.एस.फ़ाउंडेशन एवं झारखंड अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शारदा ग्लोबल स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर झारखंड अग्निशमन विभाग के राजेंद्र यादव ने स्कूल के बच्चों को आग लगने के कारण, तरीके तथा आग पर काबू कैसे पाया जाए, इसकी जानकारी दी गई। विभिन्न तरीकों से आग को काबू करने का परीक्षण कराया गया।

## अखिल भारतीय श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ ने मनायी परशुराम जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ रांची केंद्र की ओर से शनिवार को श्री गुणाधर पाण्डेय की अध्यक्षता में परशुराम जयंती का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में राज्यपाल के विधिक सलाहकार भावेश कुमार उपस्थित थे। इनके अलावा महासंघ के उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष एकता आनंद, सचिव अरूण कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष देव कुमार पाण्डेय, अंकेक्षक हिमांशु पाण्डेय, मीडिया प्रभारी समीक्षा साध्या एवं श्री रवि कुमार उपस्थित थे। मौके पर गायन, भाषण, नृत्य, शतरंज, चित्रकारी, कैरम, तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में, नृत्य के लिए स्नेहा सोनम, चित्रकारी के लिए कुमारी अणिमा, गायन के लिए आचार्य शंकर पाण्डेय, भाषण के लिए राजदेव पाण्डेय, प्रश्नोत्तरी के लिए बबिता भारती, कैरम के लिए श्रेयांशु पाण्डेय, शतरंज के लिए चंदन पाण्डेय आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति के उपस्थिती में सुसम्पन्न हुआ। सैकड़ों प्रतिभागियों और 500 से ऊपर लोगों ने सम्मिलित होकर परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने में अपना अप्रतिम योगदान दिया। इस अवसर पर सबने भगवान परशुराम को अपने प्रेरणा स्वरूप मानते हुए समाज से अपराध और बुराइयों को खत्म करने, देश एवम धर्म के रक्षा के लिए यथोचित योगदान तथा ब्राशणों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का संकल्प लिया।

## कमड़े में मनी परशुराम जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय ब्राशण महासभा की ओर से शनिवार को कमड़े में भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रंगनाथ चौबे ने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान दौर में परिस्थितियां तेजी से बदली है और चारों ओर ब्रम्हणों को घोर उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है, वह चिंतनीय है। सरकार ब्रम्हणों की लगातार अनदेखी कर रही है।

आर्थिक दृष्टिकोण से आज के अधिकांश ब्राम्हण कमजोर हैं, फिर भी सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं, क्योंकि वह ब्राम्हण हैं। उन्होंने ब्राम्हण समाज की एकजुटता का आह्वान करते हुए संगठन की मजबूती की बात कही।

संगठन के महानगर अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर रिंकू पांडेय, रंजीता पांडेय, पुरुषोत्तम तिवारी, संत राम तिवारी, रामाशीष पांडेय, राजू चौबे, सोमनाथ चौबे, मुकेश चौबे, रमेश राम तिवारी, डीपी मिश्रा, सतेन्द्र कुमार द्वेवेदी, मुकेश तिवारी, शिवप्रकाश तिवारी समेत समाज के दर्जनों लोग शामिल थे।

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा में धूमधाम से मनी परशुराम जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची की सामाजिक संस्था मारवाड़ी ब्राह्मण सभा में शनिवार को भगवान श्रीपरशुराम जयंती धूमधाम से मनायी गयी। भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के जनक भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव पर ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में रांची स्थित सालासर मंदिर प्रांगण में मुख्य पुरोहित श्याम सुंदर भारद्वाज ने हवन पूजन कर विधिवत पूजा अर्चना सम्पन्न कराया। उसके बाद अपराह्न 3 बजे से ब्राह्मण भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। 251 निशान ध्वजा के साथ भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगाड़ा, बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा पुनः ब्राह्मण भवन पहुंची। जहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, सांसद महुआ माजी, ललित ओझा, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, रमेश सिंह, दीपक ओझा अन्य शामिल थे। विभिन्न चौक चौराहे पर स्वागत शिविर लगाया गया। जिनमे मुख्य रूप से अग्रवाल सभा, विप्र फाउंडेशन, मारवाड़ी सहायक समिति, श्री श्याम बालक मंडल ने स्वागत सम्मान किया। शोभायात्रा के स्वागत मे भगवान परशुराम की आरती व भव्य सम्मान, पुष्पवृष्टि व शीतल पेय पदार्थ से किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा व मंत्री किशनलाल शर्मा ने बताया कि शाम 7 बजे से प्रथम चरण में आहूत प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। जिसमे 16 अप्रैल 2023 को संपूर्ण समाज के 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों के लिये आयोजित प्रतियोगिताओं (चित्रांकन, फैन्सी ड्रेस, प्रश्नोतरी, भाषण, कुर्सी दौड़ आदि) के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शोभायात्रा के सफल आयोजन में निवर्तमान अध्यक्ष रविशंकर शर्मा, अशोक पुरोहित व महेंद्र शर्मा एवम सह संयोजक गुलाब शर्मा, सुनील शर्मा, धर्मचंद शर्मा व राहुल शर्मा, नथमल शर्मा, कमल शर्मा कल्लू, मनीष शर्मा, चेतन शर्मा, अमित सारस्वत, अमित शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मनोज शर्मा, पायल शर्मा, अनिता शर्मा, अमृता शर्मा, पवन शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।



## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय डीएवी में मनी महात्मा हंसराज जयंती




**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को महात्मा हंसराज जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की यज्ञशाला में प्राचार्या किरण यादव ने सहकर्मियों के साथ हवन कार्यक्रम में भाग लिया और पवित्र आहूतियाँ देकर महात्मा हंसराज जी को स्मरण किया। उन्होंने महात्मा जी के जीवनवृत्त को बताते हुए कहा कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 में आज ही के दिन बजवाड़ा ग्राम, जिला होशियारपुर, पंजाब में एक गरीब परिवार के घर हुआ था। महात्मा जी ने अपने त्यागपूर्ण कार्यों से अपनी नैतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति सहित धर्म, विद्या एवं संस्कृति तथा सबकी सामाजिक उन्नति में तत्पर होने का आदर्श प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### मां अन्नपूर्णा सब पर कृपा बनाये रखे : नमन भारतीय



**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तलाब में शनिवार को भक्तों व श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण किया गया। महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय नें बताया कि प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार पुनः शनिवार को खिचड़ी भोग वितरण किया गया। बताया कि विगत कई वर्षो से चैती दुर्गा मंदिर मैं भोग वितरण किया जा रहा है। यह सेवा निरंतर जारी है।इसमें खिचड़ी, अचार, बुंदिया,चिप्स और आलू चोखा वितरित किया गया। वितरण की गई।

### वाइबीएन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव में थिरके बच्चे



**रांची।** वाईबीएन पब्लिक स्कूल सेक्टर-1 धुर्वा में शुक्रवार को देर रात तक वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक (हटिया) नवीन जयसवाल उपस्थित थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरीय पत्रकार बी विजयामूर्ति जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक, शिक्षक, छात्र और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। नवीन जयसवाल ने स्कूल के प्रबंधन कमेटी के निचले दर्जे के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की सराहना की। विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कहा कि लगातार परिश्रम करने पर सफलता जरूर मिलेगी। मौके पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे राजस्थानी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य आदि दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन के कुलाधिपति श्रीराम जी यादव, प्रबंधन कमेटी के अन्य सदस्य एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. चांदनी नाथ ने पुरस्कार वितरण कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वहां उपस्थित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की इंचार्ज संध्या झा, निधि, ज्योति कुमारी एवं अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### नागपुरी गाना पर थिरके युवक-युवतियां



**रांची।** शिव मंडा पूजा समिति चंदवे की ओर से शिव मंडा पूजा का आयोजन किया गया था। पिछले 9 दिनों से चली आ रही मंडा पूजा शानिवार को संपन्न हो गयी। समापन की पूर्व संध्या पर नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें देर रात तक युवक-युवतियां थिरकती रहीं। वैसे तो पूरा मंडा पूजा मेला के दौरान शिव भक्त झूमते रहे। चंदवे स्थित शिव मंडा पूजा में झूलन के अलावा जागरण और फुलखुन्दी के साथ-साथ 9 दिनों तक मेले का आयोजन किया गया था। आयोजन समिति के सदस्य शंकर साहू ने बताया कि 9 दिनों से चली आ रही शिव मंडा पूजा शनिवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। नागपुरी प्रोग्राम में रात भर झारखंड के कलाकारों ने युवक-युवतियां के साथ-साथ स्थानीय लोगों को झूमाया।

## डीएवी आलोक पुंदाग ने जारी किया 11वीं क्लास के लिए एडमिशन फॉर्म

**रांची।** डी.ए.वी आलोक पब्लिक स्कूल ने सत्र 2023-2024 के लिए 11वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर दिया है। फार्म स्कूल के कार्यालय एवं ऑनलाइन माध्यम से 800 मात्र देकर प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष 11वीं के विज्ञान और वाणिज्य संकाय में नामकरण में विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क में 20 से 90 प्रतिशत तक छूट योग्य एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के रूप में दी जाएगी। स्कूल स्तर की परीक्षाओं में कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 29 को स्कूल कैंपस में आयोजित की गई है। प्री-नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा एक से नवम तक में कुछ सीटें खाली हैं जिसमें विद्यार्थी सीधे नामकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्कूल में क्रिकेट एकेडमी की भी शुरूआत की जाएगी।

## झारखंड सब जूनियर चैंपियनशिप के लिए रांची टीम का चयन संपन्न



**रांची।** झारखंड सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए रांची जिला महिला टीम के गठन हेतु हॉकी खिलाड़ियों की प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल बरियातू एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शनिवार को आयोजित हुई। इसमें रांची जिला की 10 टीमों ने भाग लिया। जांच के उपरांत इनका आपस में मैच कराया गया। इसमें बरियातू प्रशिक्षण केंद्र की अ-टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बरियातू प्रशिक्षण केंद्र इ- टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त की तथा साई सेंटर मोरहाबादी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त की। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो आगामी हॉकी झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह के साथ ही सचिव हॉकी रांची जयंत केरकेप्ता, उपाध्यक्ष असरिता लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित कुमार पन्ना, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, डेनिस केरकप्ता व अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर, हरमू में अक्षय तृतीया अनुष्ठान का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की सद्भावना के साथ अक्षय तृतीया पर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर में सभी देवी देवताओं को नवीन वस्त्र पहनाया गया। श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार श्री श्याम दरबार में प्राकृतिक पंखा भी लगाया गया। इसके बाद भोग चढ़ाया गया। सत्तू शरबत का भी भोग लगाया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा हरि प्रमोद और संजय परशुरामपुरिया ने प्रसाद की निवेदित की। जिंदल कंपनी पतरातू के प्लांट प्रमुख रमेश कुमार अजमेरिया एवं बीआईटी निवासी मदन गोपाल मालपानी ने सत्तू शरबत प्रसाद की सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया, श्रवण ढानढनिया, गौरव अग्रवाल, मोनू, श्याम सुंदर जोशी, किशन शर्मा, आनंद मालपानी, उर्मिला मालपानी, आयुषी मालपानी, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। इस मौके पर 59वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन भी किया गया।

## केपीएल में कबड्डी का टैलेंट दिखायेंगे रांची के अजय कुमार, आयुष और अमरजीत



**रांची।** राजधानी रांची के तीन कबड्डी खिलाड़ियों का चयन कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा संचालित केपीएल में हुआ है। ऑक्शन के जरिये आठ टीमों ने अपने लिए खिलाड़ियों का चयन देवघर में किया। रांची कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण कुमार सिंह के मुताबिक केपीएल के लिए ट्रायल में झारखंड से लगभाग 300 खिलाडियों ने भाग लिया था। इसमें रांची के तीन खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन दिखाया और केपीएल सीजन- 2 में अपना स्थान हासिल किया। इनमें अजय कुमार गुप्ता, आयुष कुमार को बिलासी टाइगर टीम से खरीदा तथा अमरजीत साहनी को जसीडीह जांबाज ने अपने साथ जोड़ा। ये पहली बार हुआ है कि रांची के किसी खिलाड़ी को इतने बड़े मंच में अपना स्थान हसिल किया है।

## जेसीआई उड़ान ने शहर में दो जगहों पर लगाया प्याऊ




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई उड़ान रांची ने पिंक सिटी मार्बल पिस्का मोड़ एवं मोदी हाइट्स रातू रोड में प्याऊ लगवाया। साथ ही गर्मी को देखते हुए तरबूज, शर्बत और चने का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में रेखा राईका, स्नेहा शराफ, भावना काबरा, आशु सर्राफ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष तुलस्यान थे। यह जानकारी रुपा मोदी ने दी।

# श्री अन्न के उत्पादों को बढ़ावा देगा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अब, श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को बढ़ावा देगा। विवि के अधीनस्थ सभी कैंटीन, छात्रावास एवं मेस, अतिथि गृह के अलावा खाद्य प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी एवं विभिन्न कार्यक्रमों में अब श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को आवश्यक रूप से शामिल किया जायेगा। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर कुलपति के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ पीके सिंह ने शुक्रवार को आदेश जारी किया। विवि के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, सह-अधिष्ठाता, कुलसचिव, नियंत्रक, विभागों के अध्यक्ष को भेजे इस पत्र में अधीनस्थ सभी ईकाइयों में श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को बढ़ावा देने और आवश्यक रूप से शामिल करने की बात कही गयी है। इसे अविलंब अमल में लाये जाने को कहा गया है।इस सबंध में बीएयू कुलपति को आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (शिक्षा योजना एवं गृह विज्ञान) ने एक पत्र भेजा था, जिसमें श्री अन्न के उपयोग को कृषि विश्वविद्यालयों में बढ़ावा देने को कहा गया था। पत्र में कहा गया है कि विश्वभर में वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के राज्य मंत्री ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के सभी संस्थानों और देश के कृषि विश्वविद्यालयों में श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्देश महानिदेशक, आईसीएआर को भेजा है। इस आलोक में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में इसे लागू किया जाये। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि प्राचीन काल से ही भारत वर्ष में मिलेट्स उत्पादों का सेवन किया जाता रहा है। 60 के दशक में देश की खाद्यान्न आवश्यकता की पूर्ति के लिए धान एवं गेहूं को बढ़ावा देने की वजह से मिलेट्स उत्पाद भारतीयों की थाली से दूर होते चले गए। आज भी भारत दुनिया में मिलेट्स (मोटे अनाजों) का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। कुलपति ने बताया कि भारत और विश्व स्तर पर कोविड-19 महामारी के दौरान पोषक तत्वों से युक्त भोजन की मांग में वृद्धि के कारण मोटे अनाजों और मोटे अनाजों के उत्पादों को बढ़ावा मिला है।

मोटे अनाज के निर्यात में दुनिया का अग्रणी देश बनने की दिशा में भारत द्वारा अनेकों कार्य योजनाओं पर पहल की जा रही है। हाल में भारत सरकार ने मोटे अनाज को श्री अन्न का नाम दिया है। इसे बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न योजना शुरूआत की है। राज्य सरकार ने भी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन योजना शुरू की है। डॉ सिंह ने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में मोटे अनाजों को पोषक तत्वों के भंडार के रूप में एक उत्कृष्ट अनाज माना जाता है। मोटे अनाजों की सभी किस्मों में उच्च एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं।

ये ग्लूटेन मुक्त होते हैं। इनसे एलर्जी भी नहीं होती है। इसके पोषक गुणों की वजह से अब शहरी आबादी भी इसे पसंद करने लगी है। प्रदेश में कुपोषण सबसे बड़ी समस्या है। ऐसी स्थिति में मिलेट्स उत्पादों को बढ़ावा लोगों की पोषण सुरक्षा का सस्ता और बेहतर विकल्प बन सकता है।



# देश तभी खुशहाल होगा जब माहौल मोहब्बत व भाईचारा वाला हो : मौलाना तहजीबुल हसन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मस्जिद-ए-जाफरिया में मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी के पीछे शिया समुदाय के मुसलमानों ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ी। इस अवसर पर मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने अपने खुतबे में ईद को आपसी मन-मुटाव के खातमे का नाम बताया। कहा कि ईद में हाथ का मिलाना, गले मिलना और एक दूसरे को मुबारकबाद व बधाई देने वालों के मुंह को मीठा करना इस बात संदेश देता है कि हर जमाने में समाज में बढ़ती हुई नफरत को मिटाने का अहद लिया जाता रहा है। ईद लोगों को खुशी और मोहब्बत के साथ जीने का सलीका बताती है। ईद पर्व ही नहीं बल्कि समाज की जरुरत का नाम है। ईद से देश की एकता अखडंता को मजबूती प्रदान करने के लिए बल मिलता है। देश का हर आदमी तभी सुखी और खुशहाल हो सकता है जब हमारे देश का माहौल मोहब्बत और भाईचारा से लबरेज रहे।

## ईद प्रेम, शांति, सद्भावना और एकता का देता है संदेश : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रमजान के पाक महीने में रोजेदारों द्वारा की गई इबादतों से प्रदेश में शांति, उन्नति एवं समृद्धि आएगी। सभी को ईद की दिली मुबारकबाद। इस अवसर पर सुदेश कुमार महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मोहसिन खान के बरियातू आवास गए। उन्होंने कहा कि ईद का पावन पर्व हमें प्रेम, शांति, एकता, परस्पर सद्भाव का संदेश देता है।

## पासवा के प्रदेश अध्यक्ष ने दी ईद की बधाई

**रांची।** ईद के मौके पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष सह निलंबित वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक दुबे, रांची के ट्रैफिक एसपी और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने रांची वासियों को ईद की बधाई दी है।



## एकता कमेटी ने ईद मिलन कर दिया एकता भाईचारे का संदेश

**रांची।** ईद के अवसर पर एकता कमेटी ने ईद मिलन का आयोजन किया। हिंदू मुस्लिम भाइयों ने एक साथ सेवईयों का जायका लिया और एक दूसरे को ईद की बधाईयां दी।



## मस्जिदों में पढ़ी गयी ईद की नमाज, हर्षोल्लास और भाईचारा का दिखा नजारा

# अल्लाह की इबादत में झुके सिर

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को ईद हर्षोल्लास के साथ शांति व सुकून से मनाया गया। इस अवसर पर राजधानी के तमाम ईदगाह और मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज पढ़ी।

हरमू रोड स्थित रांची ईदगाह में नमाजियों की तादाद सर्वाधिक रही। सभी ने अहद (संकल्प) लिया कि रमजान के पाक महीने में जिस तरह पाकीजगी में रहते हुए, झूठ नहीं बोला, किसी की चुगली नहीं की, किसी के जायदाद पर कब्जा नहीं किया और यथासंभव नेकी का काम किया उसी तरह रमजान के बाद भी करता रहूं। साथ ही अल्लाह पाक से देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए पूरे मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी। नमाज खत्म होते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। बधाईयां का यह सिलसिला सारा दिन चलता रहा।


हरमू रोड स्थित ईदगाह रांची में मौलाना डॉ असगर मिसबाही के पीछे लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी। मौलाना डॉ मिसबाही ने कहा कि ईद अल्लाह की ओर से मुसलमानों का सबसे बड़ा, सादगी और अनुशासन का त्योहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान मे आप लोगों ने अल्लाह की रस्सी थामे रखी और बुराईयों से दूर रहते हुए नेकी का कार्य किया, रमजान के बाद भी आप सभी उसी तरह रहें। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को दीनी व दुनियावी दोनों तालीम पर ध्यान देने की जरुरत है। शादी विवाह के मौके पर फिजूलखर्ची को गुनाह बताया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदुस्तान इसलिए प्यारा है क्योंकि हमारा सबसे पहला नबी हिंदुस्तान में आया। दूसरा कारण यह है कि अंग्रेजों से मुल्क को हासिल करने में हमारी कुर्बानियां भी किसी से कम नहीं हैं।

## महावीर मंडल रांची ने की नमाजियों की खिदमत

महावीर मंडल रांची ने जयसिंह यादव के नेतृत्व में, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में दीपक लाल समेत अन्य कांगेसी नेताओं ने शिविर लगाकर नमाजियों का इस्तकबाल किया। उनकी खिदमत में शीतलपेयल, शर्बत, सौंफ और अतर आदि पेश किए गए। वहीं दूसरी ओर पठान पंचायत ने शिविर लगाकर लोगों से रांची जामा मस्जिद के निर्माण के लिए लोगों से स्वेच्छा दान की अपील करते नजर आए। शिविर में हाफिज मो. मजहब, एडवोकेट इकबाल, नूर भाई, मो अलीम, राजू भाई आदि शामिल थे।

## शहर में कड़ी सुरक्षा

ईद के मद्देनजर राजधानी के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे। ईदगाह और मस्जिदों तक जाने वाली सड़कों पर विशेष यातायात व्यवस्था थी। नगर निगम की ओर से तमाम मस्जिदों व ईदगाहों के बाहर साफ-सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव तथा टैंकरों से पानी की व्यवस्था की गयी। संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र बलों की तैनाती की गयी थी। सुबह से ही गाड़ीखाना चौक और शनि महाराज के मंदिर के पास से रातू रोड की ओर जाने वाली सड़क को नमाज खत्म होने तक आम राहगीरों के लिए बंद कर दिया गया था।





## जिला प्लस-2 स्कूल की प्राचार्या ने कमिश्नर से की मांग

# यूपीएससी का परीक्षा केंद्र जिला प्लस-2 स्कूल से हटायें

**खबर मन्त्र इंपैक्ट**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव प्लस-2 जिला उच्च विद्यालय रांची की प्राचार्य मंजुला एक्का ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र लिखकर स्कूल से यूपीएससी का सेंटर हटाने की मांग की है। प्राचार्य ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव प्लस-2 जिला स्कूल रांची में यूपीएससी का परीक्षा केंद्र बनाया जाता है। इस परीक्षा के अनुकूल साधन के अभाव में विद्यालय में परीक्षा कराने में काफी कठिनाई होती है, इसलिए इस स्कूल से यूपीएससी का परीक्षा केंद्र हटाया जाए।

मालूम हो कि पिछले दिनों यूपीएससी की ओर से जिला प्लस-2 स्कूल में एनडीए और सीडीएस की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कई अनियमितताएं सामने आई थी। परीक्षा के दौरान पानी पिलाने वाले व्यक्ति की जगह बच्चों से पानी पिलाने को कहा गया था और पूरे 15 कमरों में मात्र 2 बच्चों को पानी पिलाने की जिम्मेवारी गई थी गई थी। वहीं परीक्षा के दौरान बिजली के लिए जनरेटर की व्यवस्था नहीं की गई थी। नतीजा अंधेरे में परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी पड़ी थी। दैनिक खबर मन्त्र ने इस खबर को प्रमुखता से छापा था। खबर छपने के बाद स्कूल की प्राचार्य से विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद स्कूल की प्राचार्य ने आयुक्त को पत्र लिखा।

## पृथ्वी दिवस पर आयोजित शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट कार्यक्रम का रंगारंग समापन

# पृथ्वी की रक्षा से ही जीवन का अस्तित्व

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था परिवर्तन द्वारा आयोजित **शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट** कार्यक्रम का शनिवार को रंगारंग समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पृथ्वी के संरक्षण एवं संवर्द्धन का संदेश देता लेजर लाइट शो व एमएफजे (द मिक्स फ्रूट जैम) रॉक बैंड का म्यूजिकल शो रहा। रांची में मोरहाबादी मैदान में हजारों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को पौधा एवं अंगवस्त्र से स्वागत कर किया।

आयोजकर्ता परिवर्तन संस्था विगत एक दशक से विभिन्न समाजिक मुद्दों पे मुख्य रूप से नारी शक्ति के साथ काम कर रही है।

कार्यक्रम में प्रदूषण के कारण बदलते मौसम के प्रभाव को दर्शाता हुआ लेजर शो माध्यम से एक सुंदर प्रस्तुति दी गयी, जिसका उद्देश्य आम लोगों मे पर्यावरण के प्रति जागृति लाना था। परिवर्तन संस्था ने यह संदेश देने की कोशिश की कि किस तरह पृथ्वी विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है जो मानव निर्मित समस्याएं हैं और उसका कितना प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और उसके नकारात्मक परिणाम दिन प्रति दिन हमारे सामने आते चले जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी के लिए भी चेतावनी रूपी संदेश संस्था ने प्रस्तुत करने की। पृथ्वी है तभी हम हैं, पृथ्वी की रक्षा वस्तुतः हमारे जीवन की रक्षा है। पृथ्वी जब तक सुरक्षित संरक्षित तब तक हम भी स्वस्थ हैं तो समय रहते पृथ्वी को इसके पर्यावरण को संरक्षित करे और अपना आज और आने वाले पीढ़ी का कल सुरक्षित करे।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ मांजी थीं। अन्य गणमान्य लोगों में अविनाश कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा विभाग, संजीव विजयवर्गीय डिप्टी मेयर, सुबोध सिंह गुड्डू प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश मुनचुन राय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी, मृत्युंजय शर्मा इलेक्शन मैनेजमेंट चीफ भारतीय जनता पार्टी अनित बेहरा शामिल रहे। कार्यक्रम में परिवर्तन संस्था के संस्थापक अमित तिवारी सचिव श्रेया तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ पूजा सिन्हा के साथ-साथ स्नेहा, अपराजिता मिश्रा, निशा, अमित, नीतीश प्रेम, सुमन, काजल, श्रीमती वंदना चौबे, श्री प्रदीप मिर्धा, वीणा श्रीवास्तव, रजनी सिंह, गीता सिंह, सीमा सिंह डॉली रवि वर्मा अर्चना पांडे, रिंपी घोष, उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

## राज्यपाल को सांस्कृतिक महोत्सव का न्योता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को स्थानीय लोक सभा सांसद संजय सेठ ने राजभवन में भेंट कर 5-7 मई को रांची में आयोजित होने वाली सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 2023 के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, विरासत विशेषज्ञ एसडी सिंह सहित आयोजन समिति से जुड़े विभिन्न सदस्यगण व युवा रंगकर्मी थे।

## वंदे भारत एक्सप्रेस रांची-पटना के बीच शीघ्र पायलट और चालक दल को दी जा रही ट्रेनिंग

**रांची।** वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड से शीघ्र दौड़ेगी। इस ट्रेन को चलाने के लिए लोको पायलट और चालक दल को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया गया है। इसकी जिम्मेदारी दक्षिण-पूर्व रेलवे को दी गयी है। रांची-पटना के बीच यह ट्रेन करीब 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। अत्याधुनिक सुविधा से लैस रांची से पटना के बीच चलने वाली झारखंड और बिहार की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। हालांकि, पीएम मोदी इस ट्रेन की उद्घाटन के लिए खुद रांची आएंगे या वर्चुअल मोड पर इसका उद्घाटन करेंगे, इस बात पर अभी भी संशय है। बताया जा रहा है कि झारखंड में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत अप्रैल के अंतिम सप्ताह में या मई के शुरूआती दिनों में हो सकता है। इस ट्रेन के आने के बाद से रांची से पटना जाने के लिए सिर्फ 6 घंटे लगेंगे।

# ईडी की गिरफ्त में आया मो. सद्दाम झारखंड दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली करने के आरोप में जा चुका है जेल, पढ़ाई छोड़कर स्क्रैप के धंधे से जुड़ा था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन में जिस मो सद्दाम को इडी ने गिरफ्तार किया है। वह 2012 में झारखंड दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली करने के आरोप में जेल जा चुका है। दसवीं पास मो सद्दाम पढ़ाई छोड़ कर स्क्रैप के धंधे से जुड़ गया था। कारोबार के दौरान ही दूर के रिश्तेदार अफसर खान से इसकी मुलाकात हुई। अफसर खान में रिम्स में पोस्टेड होने के बावजूद जमीन का कारोबार करता था। एक वर्ष पूर्व अफसर खान ने मो सद्दाम को चेशायर होम स्थित पांच एकड़ जमीन के बारे में बताया था। अफसर अली और मो सद्दाम यह जमीन खरीदना चाहता था, पर इनलोगों के पास इतना पैसा नहीं था कि इनलोगों के द्वारा जमीन खरीदा जा सके। ऐसे में उसने एक पार्टनर की तलाश की। पार्टनर की तलाश होने के बाद उसने जमीन पर हाथ डाला।

**बड़गाईं सीओ ने पहले ही बता दिया था जमीन प्रदीप बागची की है...**

बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली जिस जमीन की खरीद-बिक्री की जांच इडी के द्वारा किया जा रहा है। उस पर आसनसोल के प्रदीप बागची का पहला दावा का पुष्टि बड़गाईं सीओ ने अपनी रिपोर्ट में की थी। रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन को भेजी गयी जांच रिपोर्ट में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार ने दिया था। बड़गाईं सीओ की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदीप बागची के पूर्वजों ने वर्ष 1932 में डीड संख्या 4369 के माध्यम से यह भूमि रैयत से खरीदने की बात कही थी। लेकिन, जब प्रदीप बागची यह जमीन बेचने पहुंचे तो तत्कालीन रजिस्ट्रार घासीराम पिंगुआ ने निबंधित दस्तावेज (डीड) पर स्पष्ट रूप से यह लिख दिया कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी को संबोधित अंचल अधिकारी बड़गाईं के ज्ञापांक -847 (2 ) (25/9/2021) के अलोक में निबंधन किया गया।

जमीन की खरीद बिक्री की पटकथा वर्ष 2020 के अंतिम महीनों में ही लिखी गई थी। जमीन दलालों ने एक ही दिन में 4 एकड़ 55 डिसमिल जमीन की बिक्री कर दी। जमीन खरीदने वाले ने स्टांप ड्यूटी के रूप में कुल 83 लाख 3 हजार 368 रुपये खर्च किए गए। सरकार को इस रजिस्ट्री के लिए फीस के रूप में 62 लाख 34 हजार 460 रुपये दिए गए। यानि कुल करीब एक करोड़ पैंतालीस लाख रुपये से ज्यादा पैसे सिर्फ इस जमीन की रजिस्ट्री के लिए स्टांप और फीस के रूप में भुगतान किया गया। जगत बंधु टी एस्टेट ने ये रकम इसलिए चुकाई, क्योंकि इस बेशकीमती जमीन की सरकारी दर से निर्धारित कीमत करीब 4 लाख 55 हजार रुपये है.।

फिलहाल सेना के कब्जे वाली भूमि और चेशायर होम रोड के खाता नंबर 37 की जमीन की खरीद बिक्री की जांच इडी कर रही है। अब तक इस पूरे मामले में इडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें जमीन कारोबारी प्रदीप बागची, कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इडी गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों से लगतार पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## रांची जिला मलखंब प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन, 80 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**रांची।** रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, धुर्वा के प्रांगण में शनिवार को हुआ। राजद नेता झारखंड प्रदेश खटाल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव, राहुल यादव, समाजसेवी विधा भूषण यादव एवं शंकर यादव ने इसका उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग में 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण रविवार को दोपहर तीन बजे किया जाएगा।

**प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :** बालक वर्ग पोल मलखंब 12 वर्ष में सत्यवीर कुमार दास, रणबीर कुमार दास, आयांश सिंह। वहीं बालिका वर्ग पोल मलखंब 12 वर्ष में सिमरन धनवार, स्नेहा सिंह, प्रिया कुमारी। बालिका वर्ग रोप मलखंब 16 वर्ष में आरूषि कुमारी, अन्नू कुमारी, लवली कुमारी। हैंगिंग मलखंब बालक वर्ग 16 वर्ष में आकाश कुमार, रोहित लोहरा, शिवम कुमार कुमार रहे। मौके पर रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा, विवेक कुमार, सौम्या सेजल वर्मा, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, सरिता कुमारी, कौशल, रिया, विकास यादव, मंगरू उरांव एवं कई खेल प्रेमी थे।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को सम्मेलन करेगा संयुक्त वामदल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संयुक्त वामदलों की ओर से 20 मई को राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में लोकतंत्र और संविधान पर हमले जैसे मुद्दों के साथ ही, बेरोजगारी, जल, जंगल, जमीन, स्थानीय नियोजन नीति जैसे मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जर्नादन सिंह नेतृत्व में आयोजित संयुक्त वामदलों की बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार पूरी तरह से तानाशाह बन गई है। लोकतंत्र और संविधान पर लगातर हमले जारी है। देश बचाने की लडाई में वाम जनवादी ताकतों को एकजुट कर संघर्ष को और ज्यादा मजबूत किया जायेगा। इसके लिये 20 मई को राजधानी रांची में एक राज्य स्तरीय सम्मेलन अयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सभी वामदलों की सहभागिता होगी।

**दस सूत्री मांग पत्र होगा तैयार :** जर्नादन प्रसाद ने बताया कि सम्मेलन सांप्रदायिक कॉरपोरेट फासीवादी हमले, झारखंडी जनता के सवाल और वाम जनवादी शक्तियों का संघर्ष विषय पर आयोजित होगा। जिसमें जनांदोलनों से जुड़े कई हस्तियों को आमंत्रित किया जायेगा। सम्मेलन के पहले 10 सूत्री जनमुद्दों पर आधारित चार्टेड ऑफ डिमांड तैयार किया गया। जिसमें स्थानीय और नियोजन नीति पर अविलांब सर्वदलीय बैठक आयोजित कर स्थानीय एवं नियोजन नीति जल्द तैयार कर रोजगार की गारंटी करने, जंगल जमीन और खनिज लूट और विस्थापन पर लगाम लगाने, स्वस्थ्य और शिक्षा का निजीकरण पर रोक लगाने। मनरेगा की योजनाओं में मजदूरी और कार्यदिवस में बढ़ोतरी करने, महंगाई और श्रम कानूनों में संशोधन वापस लेने समेत कई मांगें शामिल किया जायेगा।

## ऑफिसर फील्ड में जाकर बिजली मीटर का करेंगे औचक जांच, टीम गठित

# बिजली चोरी रोकने को एक्शन मोड में सरकार

### एमडी, कॉमर्शियल मनीष कुमार ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारी अब फील्ड में जाकर अचानक उपभोक्ताओं के मीटर की जांच करेंगे। इसमें एचटी से लेकर घरेलू उपभोक्ता भी हो सकते हैं। इसके लिए टीम का गठन किया गया है। निगम के निदेशक (वाणिज्य एवं ऊर्जा लेख) मनीष कुमार द्वारा टीम गठित कर दी गयी है। टीम में अरविंद कुमार (कार्यकारी निदेशक - वाणिज्य एवं राजस्व), शुभंकर झा (महाप्रबंधक-राजस्व), अंजना शुक्ला दास (उपमहाप्रबंधक-राजस्व) एवं गौतम मुखर्जी (उपमहाप्रबंधक-एपीटी) शामिल हैं। इनके नेतृत्व में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मुख्यालय स्तर पर चार टीम का गठन किया गया है। निदेशक मनीष कुमार द्वारा रामगढ़, कोडरमा एवं सिमडेगा आदि जगहों पर स्वयं जाकर निरीक्षण किया गया है।

### टीम को मिला है ये टास्क



बता दें कि एरिया बोर्ड वार एचटी एवं एलटीआईएस श्रेणी के उपभोक्ताओं के परिसर में पहुंच कर मीटर आदि की जांच की जायेगी। कॉमर्शियल एवं घरेलू श्रेणी के वैसे सभी उपभोक्ता जिनका बिल औसत से कम यूनिट पर बन रहा है, उनके परिसर में पहुंच कर मीटर आदि की जांच, वन टाइम सेटलमेंट योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहुंचाने हेतु योजना तैयार करना, क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर उपभोक्ताओं को हो रही समस्या, राजस्व समाधान एवं राजस्व कार्यों से संबंधित परेशानियों की जानकारी लेते हुए उसके समाधान हेतु मंतव्य मुख्यालय को देना, विगत दिनों क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं को दिये गये लीगल नोटिस एवं वारंट की समीक्षा करना शामिल है।

### टीम को मिली क्षेत्र की जिम्मेवारी

अरविंद कुमार (कार्यकारी निदेशक - वाणिज्य एवं राजस्व) को गिरिडीह एवं धनबाद की जिम्मेवारी दी गयी है। इसी प्रकार शुभंकर झा (महाप्रबंधक-राजस्व) को जमशेदपुर एवं मेदनीनगर, अंजना शुक्ला दास (उपमहाप्रबंधक-राजस्व) को रांची तथा गौतम मुखर्जी (उपमहाप्रबंधक-एपीटी) को हजारीबाग एवं दुमका एरिया बोर्ड की जिम्मेदारी दी गयी है।

## बिहार के वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ का निधन

**पटना के पारस अस्पताल में पेट और किडनी की समस्या को लेकर थे इलाजरत**

**रांची।** बिहार के पटना जिले के बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत करनौती गांव निवासी जाने माने पत्रकार सुनील सौरभ का शनिवार को अहले सुबह निधन हो गया। पिछले कई दिनों से पटना के पारस अस्पताल में पेट व किडनी की समस्या को लेकर वह इलाजरत थे। गौरतलब है कि रांची के पत्रकार नवल किशोर सिंह उनके बड़े भाई हैं। स्व .सौरभ के असामयिक निधन से विभिन्न दलों के राजनेता, पत्रकार, रिश्तेदार, परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने पत्रकार सुनील सौरभ के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि पत्रकारिता जगत में स्व .सौरभ का उत्कृष्ट योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। विगत चार दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल की, वह मील का पत्थर के रूप में स्थापित है। उनका निधन पत्रकारिता जगत और सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

## समय संवाद

पृथ्वी दिवस पहले प्रतिवर्ष दो बार 21 मार्च तथा 22 अप्रैल को मनाया जाता था लेकिन वर्ष 1970 से यह दिवस 22 अप्रैल को ही मनाया जाना तय किया गया। 21 मार्च को पृथ्वी दिवस केवल उत्तरी गोलार्द्ध के वसंत तथा दक्षिणी गोलार्द्ध के पतझड़ के प्रतीक स्वरूप ही मनाया जाता रहा है। 21 मार्च को मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवसह्ल को हालांकि संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है लेकिन उसका केवल वैज्ञानिक व पर्यावरणीय महत्व ही है संयुक्त राष्ट्र में पृथ्वी दिवस को प्रतिवर्ष मार्च एक्विनोक्स (वर्ष का वह समय, जब दिन और रात बराबर होते हैं) पर मनाया जाता है और यह दिन प्राय: 21 मार्च ही होता है। इस परम्परा की स्थापना शांति कार्यकर्ता जॉन मक्कोनेल द्वारा की गई थी।

# पृथ्वी की सेहत की चिंता कौन करेगा?

- योगेश कुमार गोयल



**तमाम** तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों के कारण आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की भयावह समस्या से त्रस्त है। पिछले साल कोरोना महामारी के चलते दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में लगे लॉकडाउन के दौर में थम गई मानवीय गतिविधियों के कारण यह दिवस ऐसे समय में मनाया गया था, जब दुनियाभर के लोगों को पहली बार पृथ्वी को काफी हद तक साफ-सुथरी और प्रदूषण रहित देखने का सुअवसर मिला था। हालांकि कोरोना संकट के चलते लगाए गए लॉकडान के कारण पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण को लेकर सोचने का बेहतरीन अवसर मिला था, जिससे दुनियाभर के तमाम देश एकजुट होकर ऐसी योजनाओं पर विचार सकें, जिनसे पर्यावरण संरक्षण में अपेक्षित मदद मिल सके लेकिन विड़म्बना देखिये कि लॉकडाउन हटते ही धरती की हालत धीरे-धीरे हर जगह पूर्ववत बदतर होती गई। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। अगर हम वास्तव में पृथ्वी को खुशहाल देखना चाहते हैं तो यही पृथ्वी दिवस प्रतिदिन मनाए जाने की आवश्यकता है।

वैश्विक स्तर पर लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 22 अप्रैल 1970 को पहली बार पृथ्वी दिवस वृहद् स्तर पर मनाया गया था। तभी से हर साल 22 अप्रैल को यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। हालांकि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि धरती की सुरक्षा के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। हमें बखूबी समझ लेना होगा कि अगर पृथ्वी का तापमान साल दर साल इसी प्रकार बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है और वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी जलवायु परिवर्तन में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता है।

पृथ्वी पर बढ़ते दबाव का एक महत्वपूर्ण कारण बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि भी है। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है।

करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है।

# सब मम प्रिये, सब मम उपजाए

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



आप ईश्वर की आस्था में है तो आपको सब कुछ अपना लगेगा। राम ने जिस प्रकार रावण को सुधारने का प्रयास किया, उसे बार-बार अवसर दिया। राम को इसलिये भगवान माना गया क्योंकि वे अपने विरोधी और सीता हरण करने वाले रावण पर भी दया का भाव रखते हैं। रावण के मृत्यु के पहले राम ने लक्ष्मण को यह कहते हुए रावण के पास भेजा कि रावण से कुछ ज्ञान प्राप्त कर लो। अंगद को राम ने रावण के पास भेजा कि रावण समझ पाये कि उसने जो किया है उससे उसका उसके पूरे प्रकरण का नाश हो सकता है।

राम ने रावण को अयोध्या का राजा बनाने तक की बात की। युद्ध के क्रम में जब मेघनाथ मारा गया तब उसकी पत्नी सुलोचना ने मंदोदरी से पूछा कि मेरे स्त्रीत्व ओर तप लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला से किस प्रकार कम थे कि मेरे पति युद्ध भूमि में वीरगति को प्राप्त हुए। तब मंदोदरी ने कहा कि ने मेघनाथ कमजोर नहीं था उस जैसा बलशाली इस धरा पर नहीं था लेकिन उसका पक्ष कमजोर था। वह अधर्म के साथ खड़ा था। राम सत्य और धर्म के साथ है। सत्यमेव जयते। सुलोचना ने कहा कि उसे उसके पति का वह सर चाहिए जो युद्ध के क्रम बाण से कटकर किला के बाहर राम के शिविर में चला गया है। वह उस सिर के बिना किस प्रकार सती हो सकती है। वह खुद राम के पास जाना चाहती है। मंदोदरी ने कहा कि इसके लिये रावण की अनुमति लेनी होगी। सुलोचना रावण के पास पहुंची और कहा कि उसे पति का सिर चाहिए वह राम से जाकर मांगना चाहती है। रावण को संशय हो गया। उसने कहा कि क्या लगता है कि राम तुमको मेघनाथ का सिर वापस कर देगा। सुलोचना ने कहा कि जो सुना है जो समझा है उसके अनुसार राम दया के सागर है,राम कृपा निधान है वह इस विधवा की पीड़ा को समझेंगे।

सुलोचना पालकी में बैठकर रात की बेला में राम के शिविर को चली। पालकी आता देखा शिविर के गुप्तचरों को संशय हुआ कि रावण पुत्र की मौत के बाद युद्ध समाप्त करने की बात लेकर आ रहा है। तब अंगद समेत सभी वीरों ने सवाल किया कि महाराज अगर रावण आकर आत्मसर्मपण कर देगा तब क्या होगा? आपने विभीषण को लंका नरेश घोषित कर दिया है। तब राम ने सहज भाव से कहा कि अगर रावण युद्ध त्याग सीता को हमारे हवाले कर देता है तो हम उसे अवधेश बना देंगे। अयोध्या का राजा बना देंगे।

राम का यह भाव ही उन्हें भारतीय संस्कृति का सर्वोत्तम पुरुष बना देता है। लेकिन जब पालकी से सुलोचना उतरी और राम के सामने पहुंची तो राम ने कहा कि आपके पति के मारे जाने का पाप मुझसे हुआ है। अगर मेरे जीवन के संपूर्ण पुण्य देकर भी आपके पति जीवित हो सकते हैं तो मैं इसके लिये तैयार हूं। सुलोचना ने कहा कि जैसा सुना था वैसा पाया। भगवान आपके हाथ से प्राण गंवाकर पति ने जो स्थान पाया उससे मैं और कुछ दूसरा नहीं चाहती। मैं पत्नी धर्म निभाने के लिये सती होने हेतू अपने पति का सिर चाहती हूं। राम ने तुरंत सम्मान मेघनाथ का सिर वापस कराया। सुलोचना ने कहा हे राम, सब लोग जपेंगे नाम तेरा।

जिसके मन में सबसे लिये अपार प्रेम है। वहीं राम है।

# प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी

**प्रोटीन** हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। इसे अक्सर हम अपने खाने में भूल जाते हैं। नतीजा यह कि हमारे अंगों को काम करने में परेशानी होने लगती है। प्रोटीन के हमारे शरीर में कई काम है- जैसे हार्मोन और एंजाइम बनाना, मसल्स, हड्डियां, त्वचा, बाल और मस्तिष्क को सही रखना। समस्या शुरू होने पर भी हम यह अंदाजा नहीं लगा पाते कि हमारे शरीर में प्रोटीन का स्तर कम हो गया है। हमारा शरीर संकेत देता है, पर हम समझ नहीं पाते। इसका एक उदाहरण है- वजन बढ़ना। जब हमारा वजन बढ़ता है, तो हम भरसक कोशिश करते हैं इसे कम करने की। बिना इस बात को जाने कि हमारे शरीर में प्रोटीन का स्तर है क्या?

शरीर में प्रोटीन का कम स्तर वजन बढ़ा कर पाचन क्रिया कम कर देता है। हम किसी भी काम पर ध्यान नहीं दे पाते और हर पल थकान महसूस करते हैं। इस बात के लिए हम ज्यादा काम को दोषी ठहराते हैं, मगर वजह कुछ और ही होती है। शरीर में प्रोटीन की कमी स्वास्थ्य संबंधी समस्या खड़ी कर सकती है। प्रोटीन की कमी शरीर को लो ब्लड शुगर स्तर और मोटापा संबंधित बीमारी दे सकती है।

शरीर में प्रोटीन की कम मात्रा हमें खाने के प्रति ज्यादा आकर्षित करती है। प्रोटीन की कमी हमें अनहेल्दी फूड और कुपोषित खाने के प्रति आकर्षित करती है। इससे भोजन में शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिससे मोटापा बढ़ता है। कैंडीज, चॉकलेट, पास्ता, चिप्स, शीतल पेय आदि ऐसे भोजन में शामिल होते हैं। अगर आप भी इन खानों की तरफ खिंचे चले जाते हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी है। प्रोटीन की कमी से जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होता है। जोड़ों में मौजूद सिनोवियल तरल पदार्थ प्रोटीन से बना होता है। यह तरल पदार्थ जोड़ों को लचीला बनाता है और मांसपेशियों को दुबारा बनाने में मदद करता है। प्रोटीन की कमी के कारण यह तरल पदार्थ कम बनता है जिससे मासंपेशियों और जोड़ों में दर्द होता है।

प्रोटीन की कमी से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कम हो जाता है जिससे स्वभाव में फर्क पड़ता रहता है। चिड़चिड़ापन और मानसिक तनाव हमारी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। शरीर में शुगर लेवल की कम मात्रा हमारे शरीर को थका सा महसूस कराता है। हमारा शरीर मानसिक और शारीरिक थकान का मुकाबला करने में असहाय महसूस करता है। किसी भी काम में ध्यान नहीं लग पाता।

# आपको कितना आयकर देना है?

अजय दीप वाधवा



**आयकर** का नई कर व्यवस्था इस वर्ष फरवरी में पेश किए गए बजट 2023 में वित्त मंत्री ने टैक्स व्यवस्था में बदलाव किया और अप्रैल 2023 माह से नई टैक्स प्रणाली (रिजाइम) को ही मुख्य कर प्रणाली बनाने की घोषणा की थी। इसके तहत 3 लाख रुपये तक की सालाना कमाई वाले टैक्सपेयर्स को टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है, अर्थात उसे कोई आय कर नहीं देना होगा; जबकि 15 लाख रुपये तक सालाना कमाई वाले करदाताओं को नई कर व्यवस्था 2023 का चुनाव करने पर सीधे 37,500 रुपये की बचत होगी। मिडिल क्लास को राहत देते हुए बजट 2023 में वित्त मंत्री ने नई कर व्यवस्था को रिवाइज करते हुए टैक्स स्लैब की संख्या को घटाकर 5 कर दिया और टैक्स रेट्स में भी बदलाव किया।

रिवाइज नई कर व्यवस्था 2023 में टैक्स रेट्स इस प्रकार हैं_

0-3 लाख आय पर शून्य कर,

3-6 लाख आय पर 5% आय कर,

6-9 लाख आय पर 10%,

9-12 लाख आया पर 15%,

12-15 लाख आय पर 20%,

15 लाख से अधिक आय पर 30%.

नई कर व्यवस्था को रिवाइज करने से पहले सालाना 15,00,000 लाख रुपये की कमाई करने वाले टैक्सपेयर्स को अनुमानता 1,87,500 रुपये टैक्स देना होता था, लेकिन, रिवाइज नई कर व्यवस्था 2023 के बाद अब टैक्सपेयर्स को केवल 1,50,000 रुपये टैक्स देना होगा। इसका मतलब है कि अब टैक्सपेयर्स को सीधे 37,500 रुपये की बचत हो सकती है। इसी तरह 9,00,000 रुपये की सालाना आय वालों को केवल 45 हजार रुपए टैक्स देना होगा जो की उसकी आय का केवल 5 प्रतिशत है। रिवाइज नई टैक्स व्यवस्था के अनुसार इससे पहले तक 5,00,000 रुपये तक की सालाना आय पर कोई भी टैक्स नहीं देना होता था, लेकिन, अब यह सीमा बढ़ाकर 7,00,000 रुपये कर दी गई है।

वेतन भोगी वर्ग अपने वेतन से स्टैंडर्ड डिडक्शन का फायदा भी नई व्यवस्था में उठा सकेंगे। रिवाइज नई टैक्स व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन 50,000 रुपये होगा, जो पहले शून्य होता था।

पहले ओल्ड टैक्स व्यवस्था चुनने का विकल्प मौजूद था पर अब यह साफ किया गया है कि रिवाइज नई आयकर व्यवस्था को डिफॉल्ट टैक्स व्यवस्था रखा गया है, पर टैक्सपेयर्स ओल्ड टैक्स व्यवस्था का विकल्प भी चुन सकते हैं।

(लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट एवम कर विशेषज्ञ, रांची)

# अदृश्य हमले से हारती दुनिया

कमलेश कमल



**आज** संपूर्ण मानवजाति एक अद्दश्य हमले से बेहाल-खस्ताहाल है। विधि की विडंबना ऐसी कि बड़े-बड़े विनाशक आयुध धरे रह गए और लगभग 10 ग्राम विषाणुओं ने पूरी धरित्री पर विनाश का वीभत्स खेल खेल दिया। जो एक बटन दबाकर धरती के किसी बड़े भूभाग को नष्ट करने का सामर्थ्य रखते थे, उन्हें अपनी जान के लाले पड़ गए। कैसा विकराल कलिकाल कि चिकित्सालयों में उपचार हेतु जगह कम पड़ गई; तो श्मशान घाटों, कब्रिस्तानों में भी शवों के लिए जगह की भारी किल्लत हो गई।

इस बीच वैज्ञानिकों की तपस्या से लगा कि अब इन अद्दश्य दुश्मनों के विनाश का ब्रह्मास्त्र मिल गया। समूची मानवजाति में हर्ष की लहर दौड़ गई। दूरदर्शन आदि विविध उपकरणों से यह उद्घोषणा हुई कि मानवजाति अब कोरोना-विषाणुओं के समक्ष समर्पण नहीं करेगी, अपितु यह उनके हमले को बेअसर करने के लिए कटिबद्ध है।

भारत में भी चिकित्सकों के नेतृत्व में कोरोना-योद्धाओं की अगली पंक्ति द्वारा कोविशील्ड, कॉवेक्सिन आदि ब्रह्मास्त्रों से इस अद्दश्य दुश्मन को घेरने-मारने की कोशिशें तेज की गईं। इन सारी कवायदों के बीच इन सूक्ष्मातिसूक्ष्म दुश्मनों ने एक बार और अपना हमला तेज कर दिया।

हमारे आसपास की हर मृत्यु हमारी मृत्यु है, आंशिक ही सही। सही शब्दों में कहें तो हर मृत्यु हमारी मृत्यु की उद्घोषणा है, अभी नहीं तो कभी, हमारा नम्बर आएगा यह सनद है। जब हमारा कोई भाई मरता है, तो हमारा भाई होना मरता है। आखिर भाई होने से भाई की, पत्नी या पति होने से पति या पत्नी की संज्ञा है। आज स्थिति यह है कि अत्यधिक माँग के कारण प्राणवायु की इतनी कमी हो गई कि लोग दम तोड़ रहे हैं। एक बात और इस समय का इतिहास जब भी दर्ज होगा, उसमें यह अवश्य वर्णित होगा कि इस कालखंड में देश और महादेश का अतिक्रमण करती नियंत्रण की राजसी इच्छा ने बेबसी का कसैला स्वाद चखा।

# अतीक का अतीत: मदरसा से लड़कियों को उठाया, पुलिस को ठेंगा दिखाया

स्नेह मधुर

**अतीत** अहमद विधायक बनने से पहले इलाहाबाद के दुर्दांत बदमाशों चांद बाबा, जग्गा और छम्मन का वह नया साथी ही था। उस काल में क्षीण काया वाले चांद बाबा की इलाहाबाद में इतनी दहशत थी कि उसे कहीं से गुजरता देख पुलिस वाले मुंह फेर लेते थे। शाम होते ही कहीं न कहीं बमबाजी हो जाना रोजाना की बात हो चुकी थी। झोले में बम लिए हुए वह कोतवाली में घुस जाता था। करैली का एक बड़ा आलीशान मकान उसने पचासों बम फेंककर एक घंटे में ही खाली करा दिया था। जब वह जेल गया था तो उसने जेल के भीतर ही चाय और तंबाकू की दुकान खुलवा दी थी। उसने डीएम को फोन पर जमकर गरिया दिया था। उसने खुलकर कहा था कि पूरा पुलिस विभाग बिका हुआ है। डीएम ने तत्कालीन एसपी सिटी को फोन कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की बात बताई थी और उसे ठिकाने लगाने को कहा था। लेकिन ओपी सिंह ने कुछ नहीं किया था। चांद बाबा अक्सर ओपी सिंह से मिलने चला जाता था और उनकी तारीफ के पुल बांध देता था। चांद बाबा ओपी सिंह को ईमानदार बताते हुए उनकी गुडबुक में रहने की कोशिश करता रहता था। चांद बाबा, छम्मन और जग्गा के सामने अतीक की कोई हैसियत नहीं थी। वह अतीक को ललकार देता था।

पुराने लोग बताते हैं कि पुलिस की योजना थी कि चांद बाबा के मारे जाने के बाद अतीक को भी हलाल कर दिया जाए और इसे गैंग वार दिखा दिया जाए। यह बात जग्गा को पता चल गई और जग्गा सिविल लाइंस से अपनी मोटरसाइकिल से भागकर अतीक के पास पहुंचा और पुलिस की साजिश के बारे में उसे बताया। अतीक अपनी जान बचाने के लिए उसी मोटरसाइकिल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर गली गली भागने में सफल रहा।

इसी दौरान अतीक चुनाव जीत गया और उसकी बादशाहत का दौर शुरू हो गया जिसका अंत उसी के गढ़ में चार दशक के बाद हो ही गया।

लेकिन वर्ष 2007 करैली में हुए मदरसा कांड के बाद उसका ग्राफ ऊपर नहीं उठ पाया। यह बात दूसरी है कि सीबीआई ने इस जांच को लेने से इंकार कर दिया और मदरसा कांड हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में चला गया। जनवरी 2007 में आधी रात के बाद तीन सशस्त्र बदमाश लड़कियों के मदरसे में घुसे थे और दो नाबालिग लड़कियों को उठा ले गए थे और सामूहिक बलात्कार के बाद सुबह उन्हें मदरसे में वापस छोड़ गए थे। आतंक इतना था कि पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज नहीं की थी जब तक की हंगामा नहीं शुरू हो गया था।अतीक की अपराधिक सत्ता के दबदबे की नुमाइश का सबसे बड़ा साल 1989/1990 था जब पुलिस प्रशासन से उसकी ऐलानिया अदावत हो गई थी और इस लड़ाई में वह विजेता के रूप में उभरा था। हुआ यह कि धूमनगंज थानाध्यक्ष रविवार होने की वजह से थाने पर नहीं आए थे और सेकंड अफसर के रूप एक दरोगा राय काम कर रहा था। थाने पर अतीक ने फोन कर एसओ से बात करने की इच्छा व्यक्त की। राय ने बताया कि एसओ गश्त पर हैं।

अतीक बिफर उठा। राय को ढेर सारी गालियां दे डाली कि एसओ अपने क्वार्टर में सो रहा होगा, तुम लोग फर्जी गश्त पर दिखा रहे हो! मैं अभी थाने पर आता हूं और तुन्हें बताता हूं।

उसने अतीक द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार पर आपत्ति जताई तो अतीक ने उसको दो चार थप्पड़ जड़ दिए।

ओपी सिंह ने दरोगा राय से अतीक के खिलाफ सुसंगत धाराओं आईपीसी 325, 332 आदि में मुकदमा दर्ज करने को कहा। ओपी सिंह खुद अतीक के घर चकिया की तरफ कूच कर गए।

ओपी सिंह को अतीक घर पर नहीं मिला लेकिन थोड़ी ही देर में वह गांव की तरफ से अपने लाव लश्कर के साथ आता दिख गया। ओपी सिंह ने अतीक को रोका और बताया कि वह उसको गिरफ्तार करने आए हैं। अतीक ने गुस्से में कहा कि आप हमें तो गिरफ्तार कर नहीं सकते हैं, यहां पुलिस वालों की लाशें बिछ जायेगी! दस हजार लोग मौजूद हैं हमारे साथ आप सब मारे जाओगे! मेयर श्यामाचरण गुप्ता भी पहुंच गए और अतीक की गिरफ्तारी का विरोध करने लगे।

थोड़ी देर बाद विधायक राकेश धर त्रिपाठी भी पहुंच गए और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया

मामले की गंभीरता समझते हुए आस पास के जनपदों से और पुलिस और पीएसी बुलवा ली। मौके पर ए डी एम सिटी मोहन स्वरूप भी पहुंच गए। वी एन राय ने अतीक के पास संदेश भिजवाया कि उन्हें गिरफ्तार करना औपचारिकता भर है। कोतवाली पहुंचने पर सम्मानित तरीके से छोड़ दिया जाएगा।

बस फोर्स का मनोबल बनाए रखने के लिया यह करना जरूरी है। एसएसपी के इस आश्वासन पर अतीक गिरफ्तारी देने के लिए तैयार हो गया लेकिन राकेश धर त्रिपाठी और श्यामाचरण गुप्ता फैल गए कि बात आगे बढ़ चुकी है, यह गिरफ्तारी विधायकों की गरिमा के खिलाफ है। अगर आज गिरफ्तारी हुई तो पुलिस के हाथ खुल जायेंगे और हर जगह विधायकों को अपमानित करने की नई परंपरा शुरू हो जाएगी। अतीक को जब अन्य विधायकों का समर्थन मिल गया तो उसने वी एन राय से कहा कि अब वह सरेंडर नहीं करेगा और अगर पुलिस ने उसे जबरिया ले जाने की कोशिश की तो लाशें बिछ जाएंगी। एसएसपी द्वारा पूरा प्रकरण बताने पर डी एम ने कहा कि इस मामले की मजिस्ट्रेटी जांच करा देते हैं, अगर जरूरत समझी गई तो गिरफ्तारी की जाएगी। ऊपर से भी यही आदेश आया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने (महबूबा मुफ्ती के पिता तब गृह मंत्री हुआ करते थे) गिरफ्तारी से मना किया है, यह गिरफ्तारी अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना लाएगी। वी एन राय के सिर पर तो मानों घड़ों पानी गिर गया हो!

वह बेचैन हो गए कि फोर्स को क्या मुंह दिखाएंगे?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# असली आग से जलते जंगल और नकली बारिश



मनोज शर्मा

**पर्यावरण**

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड से एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के समाचार हैं। इस बार आपदा बाढ़, अत्यधिक बारिश, बर्फ और भूस्खलन की नहीं, बल्कि दावानल के धधक उठने की है। हर साल की तरह इस बार भी मार्च-अप्रैल का सूखा सीजन आते ही यहां के बड़े इलाके में जंगल आग की लपटों में घिर गए हैं। दावा किया जा रहा है कि इस राज्य में लगभग 1.5 हजार हेक्टेयर भूमि पर लगे वनों को विनाशक आग स्वाहा करने को आमादा है। संकट सिर्फ जंगलों के खत्म हो जाने का नहीं है, बल्कि इससे वन्य जीव-जंतुओं, बहुमूल्य वनस्पतियों, इमारती लकड़ी के अलावा समूचे पर्यावरण और जैव विविधता के खतरे में पड़ जाने का है। यही कारण है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई करने और जरूरी होने पर कृत्रिम वर्षा का सहारा लेने की बात कही है। वैसे तो जंगल की आग थामने के कई और उपाय हैं। सरकारें और वन विभाग उन्हें अमल में लाने और दावानल पर अंकुश रखने का दावा भी करते रहे हैं, लेकिन कृत्रिम वर्षा से जंगल की आग रोकने का विचार अपेक्षाकृत नया माना जाएगा क्योंकि देश में अभी इसके उदाहरण आम तौर पर नहीं मिले हैं।

इस विषय पर एक जनहित याचिका दायर की गई। इस याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वैसे तो कई उपायों पर अमल नहीं होने को लेकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जैसे, यह पूछा कि वर्ष 2017 में उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी 12 बिंदुओं वाले दिशानिदेशों पर आज तक अमल क्यों नहीं हुआ। अदालत ने इन दिशानिदेशों को 6 महीने में लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही वनाग्नि से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था करने का सुझाव देते हुए राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह इस आग पर काबू पाने के लिए कृत्रिम वर्षा तकनीक का सहारा ले सकती है। इस सुझाव पर अमल की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए अदालत ने यह सावधानी बरतने को भी कहा कि कहीं कृत्रिम वर्षा से राज्य की भौगोलिक अवस्था पर कोई असर तो नहीं पड़ेगा। अदालत की इस सूझबूझ की सराहना की जानी चाहिए क्योंकि उसने उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखते हुए ही कृत्रिम वर्षा तकनीक की आजमाइश के संबंध में सलाह दी है। इस समझदारी की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई अन्य देशों (खासतौर से चीन) के उदाहरणों का हवाला देकर हमारे देश में कृत्रिम वर्षा कराने की मांग अक्सर की जाती रही है। इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के प्रोजेक्ट पर आईआईटी ने तैयारी पूरी कर ली थी। कृत्रिम बारिश कराने के लिए इसरो (इंडियन साइंस एंड रिसर्च आगेर्नाइजेशन) से एयरक्राफ्ट मिलने और आईएमडी (भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र) से डाटा आईआईटी कानपुर को उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया था। कहा जा रहा था कि कृत्रिम बारिश की मदद से हवा के जहरीले कणों की सघनता कम हो जाएगी, जिससे यहां की हवा सांस लेने के योग्य हो जाएगी। हालांकि इस योजना पर अमल नहीं हो सका, लेकिन अब यह विचार एक बार फिर उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जंगल की आग बुझाने के संदर्भ के साथ चर्चा में आ गया है। ।(रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

# नदियों को बचाइए



त्रिपुरारी कुमार पाण्डेय

की शोषित हो रही है नदियाँ ,
दूषित हो रही है नदियाँ ,
रोज -रोज रेत उठ जाने से ,
रोज -रोज मर रही है नदियां !

मानव के दुर्व्यवहारों से ,
दुखित हो रही है नदियां ,

मानव के स्वार्थों के कारण
अपनी अस्तित्व खो रही है नदियाँ !
नदियों के अति दोहन से ,
अब मिटटी में मिल रही है नदियाँ ,
खुद नदी ,नदी होकर भी
जल को तरस रही है नदियां!

सभ्यता और संस्कृति की
सूंदर प्रतिक है नदियां ,
भारतीय कृषि की जान है नदियाँ ,
पर मानव के निज हित के कारण ,
अपनी पहचान अब खो रही है नदियाँ !
सबको तृप्त करने वाली ,
अब धरती में समा रही है नदियां ,
मानव जाती के चोटों को सहते -सहते ,
अब अपनी आंसू भी नहीं बहा पा रही है नदियाँ !

मानव से ही दुखित होकर
हम मानवों से ही उम्मीद लगाए बैठी है नदियाँ ,
कोई आकर बचा ले नदियों को ?
बस अब यही प्रार्थनाएं हमसबों से कर रही है नदियां !

## स्पीड न्यूज

### एडवांटा धान की दी गयी जानकारी



**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के सिझूआ टाटी ,बोधा, सिमराढाव, होलंग, बेरहो, घुघुलिया, गिरही, झरपो, भराजो, एवम हजारीबाग जिला के कटकमदाग,कटकमसांडी,सदर , इचाक, दारू,विष्णुगढ़ समेत अन्य प्रखंड के विभिन्न गांवों में भारत के बहुराष्ट्रीय एडवांटा धान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा नियुक्त मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर संदीप पांडेय ने किसानों के साथ की बैठक। श्री पांडेय ने एडवांटा धान के विशेषता कंपनी के द्वारा धान के बीज में लगाया गया टीकाकरण अन्य धान के अपेक्षा अधिक पैदावार की विस्तृत जानकारी बहुत ही सरल और क्षेत्रीय भाषा में देते हुए कहा कि एडवांटा कंपनी धान की बीज 1 नंबर खेत में जहां रोपाई से लेकर कटाई तक पानी लबालब भरा हो वैसे खेतों में बदलो बीज बदलो किस्मत अपि ढअउ 8744+ लगाए यह 130 से 135 दिन की अवधि है जो बिएलबी (झुलसा) रोग से सुरक्षा, ज्यादा उपजाऊ कल्ले,अधिक पैदावार देता है ।2नंबर खेत में अपि 801+ की दोगुनी ताकत झुलसा और ब्लास्ट दोनों से राहत,ज्यादा गहरी जड़ें जो धान को सूखे के प्रति सहन शील बनाती है।खाने में स्वादिष्ट ।समान अवधि की अन्य किस्मों की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा पैदावार इसकी अवधि 120 से 125 दिन वही 3 नंबर खेत में अपि 807+ बिएल्बी (झुलसा) रोग के प्रति सहन शील रोपाई से कटाई तक की अवधि 95 से 100 दिन कम पानी में भी जबर दस्त पैदावार देने वाला एक मात्र हाइब्रिड बीज किसानों से लगाने का अपील किया। उपस्थित किसानों ने संतोष जनक प्रश्नोत्तर पाकर एमडिओ को धन्यवाद दिया तथा अपने खेतो में एडवांटा धान के बीज लगाने को लेकर वादा किया। किसानों में बद्री महतो रंजीत कुमार मेहता,मुस्लिम अंसारी ,प्रदीप सिंह,संजय प्रसाद कुशवाहा,नियामत अंसारी, होरिल राम ,सावित्री देवी,जागेश्वर मांझी,सुरेश यादव,रामचंद्र रामचंद्र साव ने बताया कंपनी तो मार्केट में विभिन्न है लेकिन आज तक ऐसी जानकारियां किसी ने हमारे गांवों में लाकर नही दिया। एडवांटा कंपनी के परिवार को इस नेक कार्य के लिए भी धन्यवाद दिया।

### अदिनाथ स्वामी का हुआ जलाभिषेक



**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ स्वामी ने 1 वर्ष की तपस्या करने के बाद वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अर्थात अक्षय तृतीया के दिन इक्षु रस (गन्ना रस) से अपनी तपस्या का पारण किया था इसी कारण जन समुदाय में या दिन विशेष माना जाता है। इस दौरान स्वामी की मूलनायक प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य शकुंतला देवी, पंकज कुमार सेठी को मिला। पांडू शीला पर विराजमान आदि भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल एवं ललित चूड़ीवाल सपरिवार को मिला। शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी एवम ललित चूड़ीवाल को मिला। श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जैन मंदिर के बाहर प्रांगण में की गई। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव नागर मल गंगवाल, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद छाबड़ा, रमेश सेठी, विनोद जैन, राजु पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल,राकेश पांडेय,ललित चूड़ीवाल,सुभाष सेठी,सुशील चूरीवाल,सुनील सेठी,अशोक चूड़ीवाल,सुनील पाटनी,गौरव अजमेरा,विकाश सेठी,संजय सेठी, श्याम सुंदर जैन,ललित गंगवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल,अमित सेठी,सुनील छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

### कुल्ही में लगा नया ट्रांसफार्मर

दुलमी। दुलमी के कुल्ही में शनिवार को भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने विधिवत फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में सप्ताह भर पहले कुल्ही गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। इस बीच ग्रामीण क्षेत्र के कई नेता व जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर ट्रांसफार्मर उपबल्ध कराने की मांग किया गया था। परंतु किसी ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया। अंत में ग्रामीणों को भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। तब जाकर कुल्ही गांव में बिजली बहाल हुई। इधर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर संतोष तिवारी, नीतीश महतो, देवा महतो, सिकंदर महतो, मंगल महतो, आशीष मुंडा मौजूद थे।

### मांडू में मना परशुराम जन्मोत्सव

मांडू। श्री परशुराम जन्मोत्सव शनिवार को मांडू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक व गणेश पांडेय ने परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। साथ ही उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। बाद में बारी-बारी से उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित किया। वहीं अतिथियों ने समाज के विकास व एकता पर बल दिया। मौके पर बसंत कुमार पांडेय, उमेश पांडेय, बालेश्वर पांडेय, अयोध्या पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, रामदुलार पांडेय, विजय कुमार पांडेय, शैलेश कुमार पांडेय, अविनाश कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

### बरही में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई

# देश में अमन चैन की मांगी दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद पर्व को बड़े ही खुशी के माहौल में एक दूसरे के गिले शिकवे भूलकर गले मिलकर पर्व को मनाया। चारों तरफ खुशी का माहौल देखने को मिला। ईद की खुशी में ज्यादा संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे, वहां सबने एक साथ नमाज पढ़ी और अल्लाह को याद करके अपनी दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी एक-दूसरे से गले मिले और ईद की बधाई दी। ईद का चाँद शुक्रवार रात को दिखाई दिया। शनिवार को ईद मनाने का दिन तय किया गया।

ईद का चाँद देखने के लिए लोग बड़ी ही बेशब्री से इंतजार कर रहे थे, इसलिए शुक्रवार शाम को नमाज के बाद सभी अपने घरों के छत पर चल गए और आसमान की तरफ देखने लगे ताकि उन्हें चाँद के दीदार हो जाए। कुछ देर के बाद चाँद ने अपना दीदार करा दिया और सभी रोजदारों का रोजा समाप्त हुआ।

2023 का यह रमजान महीना हर साल के रमजान से बहुत अलग था, क्योंकि इस बार इतनी भीषड़ गर्मी के चलते सभी रोजदारों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस बार अप्रैल का तापमान 40 से 42 प्रतिशत हर वर्ष के तापमान से कही ज्यादा था, फिर भी रोजदारों ने हार नहीं मानी और अपने रोजो को बरकरार रखा। विभिन्न मस्जिदों में हजारों की संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। बरही जामा मस्जिद, ईदगाह, शादी मुहल्ला, रसोइया धमना, दुलमाहा, धनवार, करियातपुर, महुगढा, भंडारों, मलकोको, गौरियाकरमा सहित कई मस्जिदों में लोगों ने पूर्वाहन ईद की नमाज पढ़ी। इस अवसर पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। लोग एक दूसरे को घर जाकर बधाई दिया। साथ ही अलविदा की नमाज के बाद एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ। इसी दौरान लोगों से अधिकारियों और राजनेताओं को सेवई खिलाकर ईद की बधाई दी।

ईद की नमाज को देखते हुये बरही अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया था। कई मार्गों पर यातायात बंद रखकर नमाजियों को सड़क पार करवाया गया। ईद को देखते हुए बरही के विभिन्न स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, अब्दुल गफ्फार मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ मो इबरार, पत्रकार जावेद इस्लाम, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, जामा मस्जिद सेक्रेटरी अब्दुल क्यूम, पूर्व मुखिया मो बेलाल, मो तस्लीम, मो यूसुफ, मो वारिस अंसारी, मुखिया समशेर आलम सहित अन्य मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बधाई दी।

# योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**डीएमएफटी से स्वीकृत स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं समय पर पूरा करें अभियंता : नैन्सी सहाय**




**हजारीबाग।** तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय कक्ष में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएमएफटी सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्वीकृत आधारभूत संरचना एवं निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ज़िला हजारीबाग में लोककल्याण से संबंधित कई योजनाओं को डीएमएफटी मद से स्कीम स्वीकृत योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता न करें। योजना समय पर एवं गुणवत्ता सही रहे इसके लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता स्कीम के साइट पर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्यपालक अभियंता को अपने स्तर से अपने अपने विभागीय स्कीम और डीएमएफटी से स्वीकृत व संचालित योजनाओं में डुप्लीकेसी न हो इसके लिए सजग रहने एवं डीएमएफटी को अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए धरातल पर काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही चालू परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल देते हुए नियमित निगरानी कर अड़चनों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सभी अभियंताओ को निर्देशित किया। जेठ की गर्मी और उत्पन्न पेयजल समस्या के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता पेयजल को कंट्रोल रूम को सक्रिय कर हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित समस्या समाधान के लिए एई, जेई सहित पूरी टीम को तैनात कर समस्या का संवेदनशीलता, तत्परता के साथ समस्या का समाधान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीएमएफटी, पेयजल, भवन, पथ, सिंचाई, विशेष प्रमंडल, ज़िला परिषद द्वारा संचालित परियोजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक की लापरवाही, भूमि की अनुपलब्धता, अतिक्रमण, विद्युत कनेक्शन, रोड़, वन भूमि एनओसी, विधि व्यवस्था, अन्य स्थानीय अड़चनों को दूर करने के लिए अपने स्तर से विभागीय, अंतर्विभागीय, जिला प्रशासन स्तर पर पहल कर समय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

### माले कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

रामगढ़। भाकपा माले डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हेसालौंग में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम में हजारीबाग जिला सचिव पच्चु राणा ने झंडोतोलन किया। फिर दो मिनट का मौन रखकर पार्टी के शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद पार्टी के संस्थापक सदस्य चारू मजूमदार के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला सचिव पच्चु राणा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताया। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं की विशेष बैठक हुई। जिसमें पार्टी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव अशोक गुप्ता और संचालन गोविंद राम ने की। इस अवसर पर विजेंद्र प्रसाद, सोहराई किस्कू, रामदेव राम, अजीत प्रजापति, जन्मेजय तिवारी, रामप्रवेश गोप, मदन सिंह, मनाराम मांझी, सुखराम मांझी, पांडेय मांझी, महेश गोप, रस्का मांझी, कंदू गोप, जलेश्वर रजवार, संजुल मांझी, राजेश गोप, दिलीप रजवार, देवकी महतो, दसंय बास्के, कौलेश्वर, छोटन रजवार चंद्रदेव सोरेन, बहादूर गोप आदि उपस्थित थे।

### मांडू में धूमधाम से मना ईद

**मांडू।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद-उल-फितर मांडू व इसके आस पास के क्षेत्रों में शनिवार को शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद को लकर मांडू चट्टी स्थित जामा मस्जिद, पुंडी व हुआग मस्जिद में मुस्लिम धमार्लंबियों ने निर्धारित समय 8:30 बजे नमाज अदा की।

### मस्जिदों में सामूहिक रूप से अदा की गयी ईद की नमाज

**बड़कागांव।** शनिवार को पूरे देश सहित बड़कागांव प्रखंड में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक महीने के पवित्र रमजान के बाद शनिवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया। हालांकि शुक्रवार की शाम चांद दिखते ही रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शनिवार को सुबह से उनकी यह खुशी परवान चढ़ गयी। रंग बिरंगे नये कपड़े पहनकर सभी मुस्लिम धर्मावलंबी अपने परिजनों के साथ नजदीक के मस्जिदों में पहुंचे। जहां अल्लाह की इबादत में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदाकर सभी लोगों ने मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारक बाद दी।

# 100 बच्चों की दिया कराटे का प्रशिक्षण



रामगढ़। वर्तमान समय में कराटे को आत्मरक्षा का एक बेहतर माध्यम माना जाता है। इसलिए बच्चों के परिजन चाहते हैं कि उनके बच्चे आत्मरक्षा के इस माध्यम में निपुणता हासिल करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वे अपनी आत्मरक्षा कर सकें। शहर के गोडियारी बाग स्थित द टेंपल ऑफ वॉरियर्स शहर सहित दूर-दूर के बच्चों को कराटे में प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों के परिजनों की ईच्छा को पूर्ण करने में मदद दे रहा है। जिस कारण इसकी ख्याति शहर सहित दूर-दूर तक है। वहीं, संस्था के संबंध में संस्था के संचालक ब्लैक बेल्ट 6थ डॉन शशि पांडे ने बताया की उन्होंने अपने गुरू सिहान मानस सिन्हा की प्रेरणा से 1990 ई के आसपास द टेंपल ऑफ वॉरियर्स के माध्यम से बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण देने का कार्य आरंभ किया। उन्होंने बताया कि संस्था में एक साथ 100 बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया जाता है। ताकि इन तरीकों के माध्यम से वे जरूरत पड़ने पर अपनी आत्मरक्षा करने में सफल हो सकें। श्री पांडे ने कहा कि संस्था से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर निकले कई बच्चों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राट्रीय प्रतियोगिताओं में सफ लता का परचम लहराया है। शशि पांडे ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य है की यहां से प्रशिक्षण प्राप्त किये बच्चे देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल प्राप्त करें।

# अकीदत के साथ पढ़ी गयी ईद की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**एक-दूसरे के गले मिल दी बधाई लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद पर्व पूरे धुमधाम से मनाया गया। पर्व को ले क्षेत्र के मस्जिद और ईद्गाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी।

इस दौरान लोगों ने अल्लाह से अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआएं भी मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा गया कि ईद आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है।

ईद को ले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बडे तो बड़े लेकिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी एक-दूसरे के गले मिल पर्व की बधाई दी। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साईड, सौन्दा डी, सेन्ट्रल सौन्दा, सीसीएल सौन्दा, भदानीनगर के महुआ टोला, चिकोर, लपंगा, सुदी, चैनगड्डा व बासल क्षेत्र के ईद्गाहों सहित अन्य जगहों के मस्जिद और ईदगाहों में मौलाना और ईमाम द्वारा नमाज अदा करायी गयी। पर्व को लेकर भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में दल बल के साथ मुस्तैदी से डटी थी।

इधर सौंदा डी में ईद के पावन अवसर पर मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने मौलाना साहब एवं सचिव मो. सरफराज को अंग वस्त्र भेंट कर पर्व की बधाई दी।

## एक नजर में

### इरगा में कोनार नदी पर बन रहे पुल में घटिया सामग्री का हो रहा है इस्तेमाल



दारू। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के ग्राम ओरिया में चुरचू प्रखंड को जोड़ने वाली कोनार नदी गड्या में बन रहे पुल में घटिया साम्रगी का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण कर रही एजेंसी के द्वारा इसी नदी का मिट्टी मिला हुआ बालू से पीलर की ढलाई की जा रही है यदि पीलर ही कमजोर बनेगा तो पुल मजबूत कैसे बनेगा साथ ही निम्न गुणवत्ता की छड़ का भी उपयोग करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस संबंध में दारू खैरिका, इरगा, चिरवां, गड्या आदि के ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो की मांग और आंदोलन के बाद सदर विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से पुल का निर्माण की स्वीकृति मिली अब इसके निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस बारे में विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि घटिया बालू प्रयोग करने की शिकायत मिली है वे जांच के लिए जा रहे है यदि इस तरह की बालू या निम्न गुणवत्ता की छड़ का प्रयोग हो रहा है तो गलत बात है। इसकी जांच के बाद ऊपर अधिकारियों के पास रिपोर्ट किया जाएगा। इस योजना का शिलान्यास 11 फरवरी 2023 को सदर विधायक के द्वारा किया गया साथ ही विधायक को हिदायत भी दिया था कि गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नही होनी चाहिए फिर भी पीलर निर्माण में ही गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है।

### चरही में हर्षोल्लास के साथ मना ईद



**चरही।** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगी। शुक्रवार की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खूब उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास रौनक देखने को मिली।आजाद नगर कजरी में सुबह 8 बजे नमाज अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआएं मांगी। चुरचू प्रखंड क्षेत्र में इस बार भीषण गर्मी रही। हलक सुखाने वाले तेज पछुआ हवाओं और बिजली कटौती के बीच पूर्वी हवा के उमस भरे दिन के बावजूद इस पवित्र रमजान माह में रोजा रखने वालों की कोई कमी नहीं रही। काफी शिद्दत के साथ बच्चों सहित वृद्ध लोगों ने रोजा रखा और नमाज अदा की है। कई बार धैर्य की अग्नि परीक्षा देते हुए लोगों ने शुक्रवार की संध्या ईद के चांद का दीदार करने के उपरांत शनिवार को ईद मुबारक मनाया। इस बीच पूरे उत्साह के साथ लोग ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारकबाद देते नजर आए।सामाजिक कार्यकर्ता अतिकुर रहमान,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि एहसान अंसारी, माजिद आलम,अशरफ अंसारी, मनुवर आलम ,असगरअंसारी, जियाउल्लाह,परवेज आलम व मतीन अंसारी ने बताया कि दुनिया में अमन चैन और सबका साथ सबके विकास की दुआ की गई है।

### बरही में धूमधाम से मना परशुराम जयंती



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरहीडीह शिवमन्दिर के प्रांगण में सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में पृथ्वी लोक में ऋषि जगदंमिनी के घर में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। भगवान परशुराम ने अन्याय के विरूद्ध शस्त्र उठाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर सुरेश शर्मा, रतन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार पांडे, पप्पू शर्मा, उत्तम शर्मा, राजेश शर्मा, अरविंद पांडे, सुमित शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रद्युमन शर्मा, अजय पांडे, प्रिंस शर्मा, आर्यन शर्मा, दीपक कुमार पांडे, संतोष पांडे, रिंकू पांडे, विनय पांडे, रवि रंजन पांडे, रोहित शर्मा, सुधांशु पांडे, उपेंद्र शर्मा, मनोज पांडे, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### परशुराम जयंती पर छुट्टी के लिए होगा आंदोलन



**कटकमदाग ।** हजारीबाग जिला अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के ग्राम मेयातु में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष विनय दुबे के नेतृत्व में धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया । विनय दुबे ने कहा कि दादा परशुराम का जन्मोत्सव हम लगातार वर्षो से मनाते आ रहे हैं , आज के इस अवसर पर मेयातु , सुल्ताना , नावाडीह, व बेंदी ग्राम के विप्र बन्धु उपस्थित हुए , समाज में फैले कुरीति कुप्रथा पर हम मजबूती से काम कर रहे हैं , और आगे भी करते रहेंगे । संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पांडेय ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप सब सरकार से लड़ने के लिए तैयार हो जाये परशुराम जन्मोत्सव पर सरकार छुट्टी नही देती है जो हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है , जल्द ही हम रणनीति बना कर आगे आंदोलन करेंगे । मौके पर जिला कानूनी सलाहकार आशीष दुबे , विवेक पाण्डेय , अभिमन्यु कुमार पांडेय , विकाश पाण्डेय , कौशिक दुबे , विक्की दुबे ,मुरारी दुबे , उमेश दुबे , शैलेश दुबे , निरज दुबे , अजय पाण्डेय , विद्यानंद पाण्डेय , रंजीत पाण्डेय , मनीष पाण्डेय , दीपक पाण्डेय , विक्की पाण्डेय , आदि सैकड़ो की संख्या में विप्र बन्धु उपस्थित रहे ।

स्पीड न्यूज

### रातूः ब्रजपुर में नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के ब्रजपुर निवासी राजीव नयन के घर से अपराधियों ने बीती रात 32 हजार नकद समेत डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी कर ली। यह परिवार दिन में अपने एक रिश्तेदार के यहां ठाकुरगांव गया था। घर के दरवाजे में ताले लगे थे। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### बचरा बस्ती में मंडा पूजा कमेटी का गठन

**पिपरवार।** बचरा बस्ती शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक रामप्रकाश महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा बस्ती में शिव मंडा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन को लेकर एक समिति का भी गठन किया गयाङ जिसमें अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, उपाध्यक्ष सहदेव महतो, सचिव सूरज प्रकाश पटेल, उप सचिव दीपक महतो, कोषाध्यक्ष संदीप महतो, उप कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार को बनाया गया।

### झाड़ियों में आग लगने से पक्षी परेशान

**ओरमांझी।** थाना के पीछे ओरमांझी तालाब किनारे झाड़ियों में आग लग गई। तालाब किनारे की झाड़ियां जल रही वहीं काफी संख्या में पक्षियां चहचाहा रही थी। आग लगे होने के बावजूद पक्षियों आगे लागे झाड़ियों की ओर जा रही थी। वहीं कई पक्षी तालाब का पानी चोंच में पानी भर आग की ओर जा रही थे। जिसे देख लोगों द्वारा चर्चा किया जा रहा था कि झाड़ी में पक्षियों ने घोषला बना रखा है। वहीं तलाब किनारे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पौध भी लगाए गए थें। कई पौधे बड़े भी हो रहे थे। आग लगने से सभी पौधे भी जल गए। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही मिल सकी है।

### 65 वर्षीय बुजुर्ग 10 दिन से लापता, सनहा दर्ज



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के डहु बरवे निवासी 65 वर्षीय भादो उरांव पिछले 10 दिन से लापता है। भादो उरांव के घर में पत्नी व छोटा भाई व भतीजा के साथ रहता है। उसकी एक बेटी है। उसका विवाह हो चुका है। भादो उरांव अक्सर दो-तीन दिन के लिए बेटी व अन्य रिस्तेदार के घर जाता था और लौट आता था। 12 अप्रैल को वह सुबह पांच बजे के करीब घर से निकला और वापस नही आया। इस संबंध में ओरमांझी थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि महेश कच्छप ने दी है।

### वोल्ड पावर चैंपियंस में सोनाहातू के छात्र दूसरे स्थान पर

**सोनाहातू/राहे।** रांची के जेसीएआरटी में आयोजित वोल्ड पावर चैम्पियंस प्रतियोगिता में सोनाहातू के बारेंदा पंचायत के भुरसूडीह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का छात्र अंकित महतो पुरे राज्य में दूसरे स्थान में रहा है तथा अपने वर्ग में पहले स्थान में है। इसके अलावा राहे प्रखंड के मध्य विद्यालय सताकी का छात्र मनीष महतो पांचवें स्थान में रहा है। पूरे राज्य इसमें वर्ग 2 से 5 तक के लिये 48 बच्चे शामिल थे।

### मांडरः सड़क दुर्घटना में बच्चा सहित छह घायल

**मांडर।** रांची-मेदनीनगर मुख्यपथ पर कंदरी स्थित पंकज फियुल पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में बच्चा छह लोग घायल हो गए। घटना शनिवार दोपहर ढाई बजे की है। बताया जाता है कंदरी निवासी 25 वर्षीय मोहसिन अंसारी और उसकी पत्नी 22 वर्षीय रेहाना खातूनए 18 वर्षीय सुहाना प्रवीन करगे निवासी 11 वर्षीय तनवीर अंसारीए 10 वर्षीय शब्बू प्रवीन और एक अन्य एक मारुति वैन में सवार होकर करके से रांची की ओर ईद मिलन के लिए जा रहे थे उसी दौरान पेट्रोल लेने के लिए जैसे ही पंकज फ्यूल के तरफ गाड़ी घुमा रांची की ओर से आ रहे एक बोलेनो कार अपने चपेट में ले लिया जिससे वैन पलट गई।

# शांति और भाईचारे का संदेश देता है ईद

## गांवों में हर्षोल्लास से मनी ईद, एक-दूसरे से गले मिल कर दी ईद की बधाइयां

### मिल जुलकर रहना ही देश की खूबसूतीः राजेश कच्छप

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न इलाको में ईद का त्यौहार हर्षोउल्लास शांति और सदभाव पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। प्रखंड के महेशपुर हेसल चिलदाग मंझला टोली राजाडेरा जोन्हा कूच्चू इत्यादि के गांवों में पूरे अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा किए गए। नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे के साथ गला मिलकर ईद की मुबारकबाद दिए। हिन्दू-मुस्लिम मिलकर ईद का प्रमुख पकवान सेवईयां का भी लुत्फ उठा। इस मौके पर महेशपुर हेसल एंव चिलदाग गांव मे ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है यही हमारे देश की खूबसूरती है और इस खूबसूरती को हमें संजो कर रखने की जरूरत है। पूर्व विधायक राम कुमार पहान ने कहा कि ईद हमें शांति और भाईचारा का संदेश देता है। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, आजसू के पारसनाथ उरांव, शहनाज खातुन, जाकीर खान, बसीर खान, तबरेज खान, वसीर खान, मुखिया रौशन मुंडा, पूर्व मुखिया रामनाथ मुंडा, सेराज खान उर्फ कूली रुस्तम खान, समीम खान, बबलू खान, समीम खान, प्रवेज खान, मुमताज खान, शिवदास गोस्वामी, किष्टो कुजूर, वासिद खान, अरशद खान, कलु खान, मोबीन खान, साकीर खान, जावेद खान, पारस महतो, दशरहत महतो, अजीत महतो इत्यादि उपस्थित थे।



अनगड़ा

### नमाजियों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में शनिवार को ईद का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र के ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गयी। नमाजियों ने मुल्क में अमन की दुआ मांगी। इस दौरान हुरहुरी, काठीटांड़, बिजुलिया स्थित ईदगाह टंगरा, बानापीड़ी, परहेपाट, पाली, सिमलिया, फुटकलटोली, पिर्रा, बड़काटोली में इस्लाम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। कई स्थानों में ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से ईदगाहों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण सिंह व थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली। क्षेत्र में शांति बनी रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### ईद को लेकर बच्चों में दिखा काफी उत्साह, मांगी गई दुआ



**कांके।** कांके क्षेत्र के ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने को अकीदतमंद जुटे। सुबह 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कांके ईदगाह में अहले वतन के लोगों को संबोधित करते हुए अल्हाज मौलाना अख्तर हुसैन मजाहिरी ने कहा कि बरकतों का महीना रमजान भले ही विदा हो गया होग़ लेकिन ईद उल फितर को लेकर खुशी बेहिसाब है। उन्होंने गांव, शहर और वतन में सौहार्द बना रहे इसकी दुआ मांगी।

### एक नजर में ईद मुबारक



पिपरवार

### इटकी में हर्षोल्लास से मनी ईद

**इटकी।** इटकी व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद हर्षोल्लास के साथ मनाया। इटकी ईदगाह में हजारों लोगों ने ईद की विशेष नमाज अदा की। सुबह से ही लोग नहा धोकर नये नये परिधान पहन व खुशबू लगाकर ईद की विशेष नमाज पढ़ने के लिये ईदगाह व मस्जिदों के जानिब निकल पड़े। इत्र की खुशबू से माहौल खुशनुमा हो गया। कारी इनामुलहक ने ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ाई। देश की एकता अखंडता, खुशहाली, अमन चैन, भाईचारे व तरक्की की सामूहिक दुआ की गयी। खुतबा के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। इटकी के अलावा बारीडीह, कुंदी, टुरुगुरु, रानीखटंगा, फिरदौस नगर, मोरो, कुर्गी व गढ़गांव सहित अन्य गावों में भी ईद की विशेष नमाज अदा की गयी।





नगड़ी

### पिठोरिया में ईद



पिठोरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में ईद हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। पिठोरिया चौक स्थित ईदगाह में इमाम साहब की उपस्थिति में नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। मौके पर पिथोरिया के कौनकी, पीरुटोला, कोकदूरो, बाडू समेत कई गांव में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा कर हर्षोल्लास से ईद मनाई गई। कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## बेमौसम बारिश में हुए वज्रपात में अलग अलग स्थानों पर तीन की मौत छह घायल

### बिंधानी गांव में ठनका से दो युवकों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के बिंधानी गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि दो युवक घायल हो गये। मृतकों की पहचान बिंधानी गांव के अनूप कुजूर ;20द्ध व सुशील मुंडा ;19द्ध के रूप में कई गयी है। जबकि घायल दुर्गा उरांव व दिवा उरांव भी बिंधानी गांव के बताये गये हैं। घायलों का इलाज नगड़ी के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सभी युवक गांव के मैदान में वॉलीबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान गर्जन के साथ बारिश शुरू होने पर कई युवक बगल के स्कूल में बचने चले गये। जबकि चार युवक मैदान में खड़े मोटरसाइकिल के समीप रुक गये। इस दौरान हुई वज्रपात में चारो युवक चपेट में आ गये।

### सोनाहातू में वज्रपात से एक की मौत

**सोनाहातू।** तेतला गांव में वज्रपात से एक व्यक्ति का मौत और चार लोगों की घायल की सूचना मिलते ही विधायक सुदेश महतो घायलों से बात कर बेहतर इलाज कराने की व्यवस्था करने का विश्वास दिलाया। विधायक ने घटना से तीन लोगों का रिम्स में बेहतर इलाज के लिये प्रतिनिधि भेज दिये है तथा हर संभव मदद का भरोसा दिये है। मृतक राजेंद्र के प्रति शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन को तत्काल मुआवजा देने की बात किये है।

### वज्रपात से हुई मौत पर गांव में मातम

**सोनाहातू।** तेतला गांव में वज्रपात से 55 वर्षीय राजेन्द्र महतो के मौत के बाद पूरा गांव गमशीन है। औलाद की चाहत में राजेंद्र महतो ने दो शादी किया था, लेकिन इनकी इच्छा पूरी नही हुआ।पति के मौत की सूचना पर दोनों पत्नी सभ्या देवी ओर मीना देवी बेहोश हो जा रही है। इधर वज्रपात की सूचना पर मुखिया दीनबंधु मुंडा उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझु गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात किये।

## नाईन एमएम पिस्टल के साथ तीन युवक गिरफ्तार, जेल

**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर होसिर जंगल के पास पतरातु की ओर से आ रहे तीन युवकों को प्रतिबंधित 9 एमएम पिस्टल के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए टंडवा एसडीपीओ शंभु कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को सुचना मिली थी की कुछ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियारों के साथ पतरातु से पिपरवार की ओर आ रहे है। इस आधार पर तत्काल एसडीपीओ के निर्देशन में पिपरवार थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर होसिर जंगल के पास वाहन जांच की जा रही थी।इसी क्रम में पतरातु की ओर से एक बाइक पर आ रहे दो युवकों को रुकने के लिए बोलने पर वो भागने लगे जिसपर पुलिस बल द्वारा दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक 9 एमएम का पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुछताछ करने पर उन्होंने बताया कि पिस्टल उपलब्ध कराने वाला युवक भी पीछे से आ रहा है।दुसरे युवक के मौके पर पहुंचते ही पहले से तैयार पुलिस द्वारा उसको भी पकड़ कर पिपरवार थाना लाया गया। इस संबंध में गिरफ्तार तीनों युवकों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत पिपरवार थाना में कांड संख्या 20-23 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवकों के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार पुर्व में भी इनका आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास के साथ इनके उद्देश्य का पता लगाने हेतु आवश्यक जांच की जा रही है।

### विद्यालय को बदनाम करने की हो रही साजिशः प्रचार्य

**ठाकुरगांव।** किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया क्षेत्र का पुराना तथा उत्कृष्ट विद्यालय है। गांव के चंद लोगों द्वारा एक साजिश के तहत स्कूल को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें स्कूल के प्रचार्य दिनेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा है कि यह विद्यालय स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय है। प्रचार्य ने साथ ही कहा है कि पिछले सात वर्षों से विद्यालय के आधारभूत संरचना में भी काफी प्रगति हुई है।

## आदिवासियों के पथ प्रदर्शक थे धर्मगुरु वीरेंद्र भगत

पुण्यतिथि पर विशेष

शेख मुजिबुल

**रातू।** झारखंड आंदोलनकारी, आदिवासी नेता, सरना धर्मगुरु और पथ प्रदर्शक बिरेंद्र भगत हमारे बीच नहीं हैं। 1 जनवरी 1972 को होचर के कृषक परिवार में जन्मे श्री भगत का 23 अप्रैल 2021 की शाम रिम्स में निधन हो गया था। वह निमोनिया से पीड़ित थे। उनकी आकस्मिक मौत ने लोगों को झकझोर दिया है। समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। निकट भविष्य में इसकी भरपाई नहीं हो सकती है। मरणोपरांतए उन्हें सरना रत्न की उपाधि दी गयी। उनके परिवार में पत्नी निर्मला भगतए पिता विशम्बर भगत, भाई राजेंद्र भगत व बसंत भगत तथा बहन जशो और चंद्रप्रभा तिर्की हैं। माता का नाम नगिया भगत था।

### पुण्यतिथि आज, तैयारी पूरी




स्वर्गीय भगत की दूसरी पुण्यतिथि मनायी जा रही है। पैतृक घर के समीप उनकी समाधि स्थल है। आदर्श सरना समिति की ओर से ईद टिकरा में स्थापित प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे। प्रार्थना सभा भी होगी। इसमें झारखंड समेत पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, अंडमान निकोबार, मिजोरम आदि राज्यों के लोग भाग लेंगे। यह जानकारी जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### संक्षिप्त परिचय

मृदुभाषी, हंसमुख व संप्रदायिक सद्भाव के प्रतिमूर्ति 49 वर्षीय स्व बिरेंद्र भगत आदिवासी समेत अन्य समाज तथा प्रशासनिक महकमे में लोकप्रिय थे। वह हटिया विस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर तीन बार चुनाव में खड़े हुये। तीनों बार तीसरे पायदान पर रहे। 2009 में झाविमो की टिकट पर लोहरदगा लोस क्षेत्र से भी भाग्य आजमाया था। दीन-दुखियों की सेवा उनकी दिनचर्या थी।

## मदन मोहन मंदिर बोड़ेया का स्थापना दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** शनिवार को अक्षय तृतीया पर श्री मदन मोहन मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर की स्थापना वर्ष 1665 ई. में लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कराई थी। इस मंदिर में 1663 ई से पूजा-अर्चना शुरू की गई, जो आज तक अनवरत जारी है। शनिवार को मंदिर वार्षिकोत्सव के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस मौके पर सुबह में भगवान की विशेष आरती की गई। दोपहर दो बजे 21 पंडितों ने विष्णु सहस्त्र अर्चना का पाठ किया, जो शाम छह बजे तक चला। इसके बाद आरती की गई और भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### इन्होंने निभाई भूमिका

इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुधांशु तिवारी, सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष गोपाल तिवारी, विनय तिवारी, राकेश तिवारी, मुरारी तिवारी, अभय तिवारी, प्रेम तिवारी सहित मुखिया सोभा उरांव ने विशेष योगदान दिया।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से मिल कर सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरदीप कौशल ने झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं झारखंड राज्य के गृह सचिव श्रीमती वंदना दादेल के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री अमरदीप कौशल ने झारखंड के जितने भी वीर सपूत जो देश की आजादी की लड़ाई में शहीद हुए हैं उनके परिवार वालों के लिए खासकर जिनकी स्थिति आज भी दयनीय है उन लोगों पर एक ज्ञापन द्वारा ध्यान आकृष्ट करवाया। मुलाकात के दौरान श्रीमती वंदना दादेल जी को झारखंड के कई ऐसे परिवार बातों के बारे में एवं उनके आज की परिस्थिति जिसमें वह अपना जीवन यापन कर रहे हैं उनके बारे में उन्हें अवगत कराया। श्री अमरदीप कौशल जी ने आग्रह किया की इस विषय पर वह एक ठोस कदम उठाएं ताकि ऐसे शहीद के परिवारों को भविष्य में सरकारी व्यवस्थाओं के साथ जल्द से जल्द जोड़ा जाए और उनका कष्ट का निवारण हो। श्रीमती वंदना दादेल जी ने कहा कि वे हर संभव इस नेक कार्य में हमारी सहायता करेंगे।

## इटकीः दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी मोड़ के निकट शनिवार को दुर्गा मंदिर निर्माण का आधारशिला सह भूमि पूजन समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ हुआ। पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी और राजू तिवारी के सानिध्य में अक्षय त्रितिया लग्न पर सर्व प्रथम भूमि पूजन, शिला पूजन, हवन सहित कई अनुष्ठान की गई। नीरज शाही के साथ उनकी धर्म पत्नी नेहा शाही के अलावा प्रोफेसर ढेलो मिंज हांसदा, निक्की शाही, ज्योति शाही, साक्षी शाही, प्रियासी सिंह, श्रेया सिंह और स्मृति मेहता ने सामुहिक रूप से पूजा अर्चना की। मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, विजय मेहता, जगरे उरांव, कंचित शाही, विश्वनाथ गोप, भीखा उरांव, कमेश वर्म्मण, बबलू गोप, भोला उरांव, बजरंग महतो, बलविन्दर सरदार, अथोनी लकड़ा, वसंत शाही, जलेखर शाही, गोविन्द यादव, इशेश शाही, पंचम महतोए जन्मेजय गोपए अनुज सिंह व देवेन्द्र सहित क्षेत्र के दर्जणों गनमान्य लोग मौजूद थे।



### बजरंग बली मंदिर का वार्षिकोत्सव

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कैलेंडे गांव स्थित शिव बजरंगबली मंदिर का सातवां वर्षगांठ धार्मिक रीति रिवाज साथ मनाया जा रहा है। मौके पर विशाल कलश यात्रा निकाला गया कलश यात्रा में केलेंडें, पिस्का, कुलगू एमुंडा टोली के सैकड़ों महिला-पुरूष और छोटे छोटे बच्चियों तथा युवा इसमें शामिल हुए।

## अमेठिया नगर शिवाशिव मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

### धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** शनिवार को अमेठियानगर स्थित शिवाशिव मंदिर गैस गोदाम, अमेठियानगर नामकुम के बारहवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह की शुरूआत की गयी,इस क्रम में आयोजित कलशयात्रा में 551 महिलाओं नें माथे पर कलश और नारियल लेकर सुबह छह बजे मंदिर परिसर से यात्रा की शुरूआत की जो नामकुम डोरण्डा रोड स्थित स्वर्णरेखा नदी पहुंची और वहां संकल्प पूजन के बाद कलश में जल लेकर वापस मंदिर परिसर समीप श्रीराम कथा महायज्ञ मैदान के यज्ञशाला की परिक्रमा कर यज्ञशाला परिसर में कलश को स्थापित किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गरीबी, अमीरी, ऊंच, नीच के सभी भेदभाव मिटाते हुए संयत भाव से कतारबद्ध होकर नगरवासियों का कलश शोभायात्रा में शामिल होना हमारी एकता हीं नहीं, सनातन धर्म के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कलश यात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष झुनझुन सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित मंदिर प्रबंध कारिणी समिति के सभी सदस्यों ने परिवार सहित हिस्सा लिया। अध्यक्ष झुनझुन सिंह ने बताया कि बारहवें वार्षिकोत्सव के अवसर सात दिवसीय महायज्ञ किया जा रहा है।

# मनोकामना शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा

### गाजेबाजे के साथ 301 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रीश्री 108 श्री मनोकामना शिव मंदिर खटंगा की प्रथम वार्षिक महोत्सव को लेकर शनिवार कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे ढोल नगाड़े के साथ मंदिर परिसर से 301 महिलाओं द्वारा कलष यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में शामिल भक्तगण वीर हनुमान व भगवा पताका लिए देवी देवताओं का जयकारा लगा रहे थे। ग्राम भ्रमण करते हुए कलश यात्रा शंकर घाट डोमा नदी पहुंची। जहां यज्ञाचार्य पंडित संजीत शास्त्री, उपाचार्य पंडित सूरज पाठक, यज्ञाधीश आचार्य पंडित नीरज पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मुख्य यजमान प्रमोद सिंह पुतूल देवी के साथ सभी महिलाओं के कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा मंदिर वार्षिक महोत्सव में महिलाओं भक्तों की उपस्थित सनातन धर्म संस्कृति की खूबसूरती है। वहीं मंदिर की वार्षिक महोत्सव को लेकर गांव में भक्ति व उत्साह का महौल है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिक महतोत्स में अयोध्या धाम के आचार्य पंडित पुरेंद्र जी महाराज द्वारा संगीत मय प्रवचन कथा सुनाई जाएगी।



कलश यात्रा में शामिल पूर्व सांसद व अन्य।

### कलश यात्रा में थे शामिल

कलश यात्रा में पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूजा समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सतीश बड़ाईक, शशि मेहता, आयोजन सिमति के समिति के संरक्षक मणी मुंडा, सचिव रेखा देवी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण महतो, उपसंरक्षक प्रमोद सिंह उपाध्यक्ष रामसाय उरांव, उपसचिव कौशल्या देवी, उपकोषाध्यक्ष सुखदेव बांडो, महासंगठन मंत्री जगत गोप, उपमहासंगठन मंत्री सरिता देवी, युवा महामंत्री राम प्रसाद उरांव, मीडिया प्रभारी महावीर महतो, दिलेश्वर महतो क्लेश गोप, मनोज गोप, विजय महतो, राम महतो, अजय उरांव, रवि उरांव, पच्चू महतो, सुजीत बेदिया सहित काफी संख्या में ग्रामीण व भक्तगण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## खेल-खेल में किशोर ने फांसी के फंदे से झूल दी जान

**दुमका।** खेल-खेल में फांसी के फंदे से झूल किशोर ने जान दे दी। घटना शनिवार को जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के खिजुरिया गांव में घटी। मृतक 12 वर्षीय किशोर कुंदन राय, पिता भूजा राय है। जानकारी के अनुसार किशोर का शव घर के बल्ले से रस्सी के सहारे झूलता मिला। काफी खोजबीन के बाद किशोर का फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस की माने तो खेल के दौरान हादसा हुई। नासमझी में किशोर ने फांसी के फंदे से झूल जान दे दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## चलाया गया जागरूकता अभियान

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत भैरवपुर पंचायत के मधुवन हटिया परिसर सहित अन्य गांवों में सिनी संस्था की ओर से कोविड प्रतिरोधक समुदाय परियोजना के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आज शनिवार को ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के मीनू कहानी के माध्यम से ग्रामीणों महिलाओं एवं बच्चों को कोविड-19, टीबी एवं एनीमिया को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के चैतन्य चांद ने बताया कि संस्था के कोविड प्रतिरोधक समुदाय परियोजना के तहत आज भैरवपुर पंचायत की मध्य विद्यालय थानदार, डुमरिया एवं मधुवन गांव में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कोविड 19 टीबी एनीमिया को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान कम्यूनिटी सहायता केंद्र के सदस्य ग्राम प्रधान आंगनवाड़ी सेविका माला देवी, सहिया किरण देवी, सकोदी सोरेन, अंजनी हेम्ब्रम, नागेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार सहित संस्था कर्मी कौशल कुमार मंडल सुहागिनी मौजूद थे।

## नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**दुमका।** हिजला रोड स्थित नेत्रहीन विद्यालय में शनिवार को जिला निफा ने मेडिकल कैंप लगाया गया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। मेडिकल कैंप शिविर में निजी क्लीनिक के डॉ मनीष भारती ने बताया कि इस शिविर में 30 छात्र-छात्राएं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्त जांच, ब्लड प्रेशर, हृदय गति, शुगर आदि का परीक्षण शामिल है। इस अवसर पर दवाइयां भी निःशुल्क में वितरण किया गया। इस अवसर पर जतिन कुमार ने कहा कि सेवा और समर्पण भाव से लोगों की सेवा करना हम सब का कर्तव्य है।

## बीईओ ने शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, घटिया के सहायक शिक्षक मनोज कुमार से विद्यालय से अनुपस्थित रहने के संबंध में बीईओ सुधा कुमारी ने 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने की निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा है कि संकुल साधन सेवी द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर 29 मार्च विद्यालय से लगातार अनुपस्थित हैं। वर्तमान में चल रही आवश्यक गतिविधियां एमआर रूबेला एवं बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाए जाने का अभियान चल रहा है।

### सीएचसी में अगलगी में जीवन रक्षक दवाइयां एवं महत्वपूर्ण कागजात जलकर खाक

# दवाईयां व कागजात का जलना, घोटाले की आ रही बू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकीनाथ।** दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के पुराना सीएचसी भवन में शनिवार की सुबह अगलगी में लाखों की दवाईयां और महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गये। अस्पताल में रखी जीवन रक्षक दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं महत्वपूर्ण कागजात जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस एवं अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए। जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना को स्थानीय लोग अस्पताल प्रशासन की सुनियोजित साजिश बता रहे हैं। जिससे भ्रष्टाचार में डूबे अस्पताल प्रशासन की कलई नहीं खुले। सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल एवं केशव कुमार भी इस घटना को एक सोची समझी साजिश करार देते हैं। बताया कि असामाजिक तत्वों की हरकतों के कारण आग लगता तो एक ही बिल्डिंग के दो अलग-अलग चुनिंदा कमरों में आग नहीं लगाई जाती। जहां महत्वपूर्ण औषधियां एवं आवश्यक कागजात रखे गए हो। मामले पर जरमुंडी के चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश कुमार बाहर रहने का हवाला देकर आधिकारिक प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आये।

वहीं नप अध्यक्ष पूनम देवी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही बतायी है। उनका कहना है कि अस्पताल में रखी लाखों रुपए की दवाइयां एक्सपायर हो जाती है। जिससे हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती थी। अस्पताल के अहम् दस्तावेजों का जलना किसी बड़े घोटाले को छिपाने का षड्यंत्र होने की आशंका जताया है।




जली दवा एवं आग पर काबू पाते पुलिस व अग्निशमन कर्मी

## कुशवाहा समाज के युवाओं ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**हंसडीहा।** कुशवाहा समाज के बैनर तले शनिवार को बेलटिकरी और भाटिन गांव के युवाओं द्वारा बारीडीह स्थित जमगुड़िया मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान युवाओं द्वारा जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में सैन्य वाहन पर आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे।श्रद्धांजलि सभा के मौके पर कुशवाहा समाज के युवा बसंत कुमार ने कहा की आतंकवादियों की ये हरकत बहुत ही निंदनीय है।देश की रक्षा की खातिर बलिदान देने वाले जवानों को सदा याद रखा जाएगा। इस मौके पर शीत कुमार, बसंत कुमार, अक्षय कुमार,सुमन कुमार, विवेकानंद भारती, कुंदन कुमार, आशीष कुमार, विशाल कुमार, रोशन कुमार, आनंद कुमार, शुभम कुमार, अमर कुमार, सहित बेलटिकरी और भाटिन गांव के दर्जनों युवा मौजूद थे।



श्रद्धांजलि देते युवा

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया गौसेवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शनिवार को गौशाला के मंदिर परिसर में अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया। महिला सम्मेलन जिला शाखा का नेतृत्व शाखा अध्यक्ष शारदा मोहन एवं सचिव नीलम मोर के नेतृत्व में हुई। अक्षय तृतीय पर्व सुख, शांति, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इस त्योहार में मंदिर में सत्तू, तरबूज, गुड़, चना, खीरा, आम का प्रसाद भोग लगाया गया। पुरोहित को पहला भोग देते हुए गौशाला के सभी स्टाफ की सेवा की गई। गाय माता को तरबूज, खीरा, सत्तू एवं चना महिला सदस्यों मिलकर खिलाया।इसके बाद महिला सम्मेलन की महिलाएं ने प्रसाद ग्रहण की। राहगीरों के बीच भी सत्तू, तरबूज, खीरा, गुड़, चना एवं आम वितरण किया गया। इस दिन गंगा स्नान करने एवं भागवत पूजन का विशेष महत्व है। मान्यता है कि लोगों के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

यहां तक कि इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय और दान भी अक्षय हो जाता है। इसके अतिरिक्त यदि यह तृतीया मध्याह्न से पहले शुरू होकर प्रदोष काल तक रहे तो बहुत ही श्रेष्ठ मानी जाती है। मान्यता है कि आज के दिन मनुष्य अपने या परिजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों की सच्चे मन से ईश्वर से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान उसके अपराधों को क्षमा कर देते हैं और उसे सदगुण प्रदान करते हैं। आज के दिन अपने दुगुणों को भगवान के चरणों में सदा के लिए अर्पित कर उनसे सदगुणों का वरदान मांगने की परम्परा है।



प्रसाद का वितरण करती मारवाड़ी महिला सम्मेलन की महिलाएं

## धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर दादी श्याम मंदिर में परशुराम सेवा समिति ने शनिवार को भगवान परशुराम की जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मंदिर परिसर में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा में पूजा अर्चना किया गया गया। पूजा अर्चना के बाद दादी श्याम मंदिर में अवस्थित परशुराम मंदिर से निशान शोभा यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में रथ, ढोल-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। निशान शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। निशान शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शहर के विभिन्न संघ-संघठनों के सदस्यों ने पुष्प वर्षा किया। निशान शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं, पुरूष और बच्चों के लिए शरबत-पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी।

संध्या समय महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद ग्रहण करते में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मान्यता है कि भगवान परशुराम के जन्म के बाद माता-पिता ने भगवान परशुराम का नाम राम रखा था। वे भगवान शंकर के अनन्य भक्त थे। उनके कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने उन्हें कई अस्त्र, शस्त्र प्रदान किए थे। फरसा भी उन्हीं में से एक था। फरसा को परशु कहा जाता है इसलिए परशु मिलने के बाद उनका नाम परशुराम हुआ।



भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु

## पेयजल को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** जल जीवन मिशन के तहत जल नल योजना से निर्मित जल मीनार से पानी मुहैया नहीं कराने को लेकर ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया की पीएचइडी विभाग द्वारा टेंडर के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत जल नल योजना से जल मीनार का निर्माण सरसाबाद पंचायत के मदनपुर, माठाचक, मुंडमाला मांगूरडीह एवंसरसाबाद गांव में कराया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जल मीनार निर्माण होने के 2 माह बीत जाने के बावजूद भी अब तक पेयजल मुहैया नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी का अरोप लगाते हुए बताया कि कभी-कभी कभार 2 से 4 घर में पानी दिया करते हैं। उन्होंने कहा ठेकेदार की मनमानी से परेशान हैं।

इसलिए ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरसाबाद पंचायत के मुखिया राजू पुजहर, वार्ड सदस्य ग्राम प्रधान जल सहिया ने निंदा किया। विरोध प्रदर्शन गोपीन मुर्मू, दिलीप प्रसाद साह, राजेश प्रसाद साह, बबलू साह, मनोज हेम्ब्रम, लखन राय, बलदेव राय आदि मौजूद थे।

## नक्सली सुमंत जी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत जी उर्फ सुमंत मोची उर्फ सुरेंद्र कुमार रवि पिता योगेंद्र राम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली लातेहार जिला अंतर्गत मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम अगरडीह मनधनिया का रहने वाला है। सुरेंद्र की गिरफ्तारी रामगढ़ थाना पुलिस और लातेहार मनिका थाना के स्थानीय पुलिस के सहयोग से नक्सली के घर से किया गया है। इसमें चैनपुर रामगढ़ इंस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा और रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 28 जुलाई 2021 की रात कृष्णा मोची पिता हजारी राम ग्राम नावाडीह के घर घुसकर लेवी नहीं देने पर कृष्णा मोची को लाठी डंडा से काफी मारपीट किया था। अचानक सुबह 4:00 बजे के समय गोली चलने लगा जिसमें सुमंत जी उर्फ सुमंत मोची के बाएं पैर के जांघ में गोली लगने के कारण वह बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में पार्टी के लोग उसे उठाकर अपने साथ लातेहार के जंगल में ले गए और जंगल में रहकर इलाज कराया था।



## अगलगी से मकान राख, बाल-बाल बचा परिवार, सीओ ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम निवासी ईश्वर महली के पुत्र संतोष महली का खपरैल मकान में देर रात आग लग गया। अगलगी से बगल में राजेन्द्र महली का घर में भी पकड़ लिया। वहीं पीड़ित परिजनों के शोर गुल से स्थानीय ग्रामीण ने रात में उठ आग बुझाने की दिशा में कदम उठाया। अगलगी की सूचना पर भड़गांव पंचायत मुखिया अनिल उरांव तत्प्रता दिखते हुए घटना की सूचना देर रात थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया। वहीं मुखिया के पहल से ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। अग लगने का कारण का पता नही चला। बताया जाता है कि दो माह पूर्व बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। आखिर अगलगी कैसे हुआ इस बिंदु को लेकर जांच पड़ताल जारी है। घटना की सूचना शनिवार को अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही भड़गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अगलगी का जायजा लिया। साथ ही पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जांचोपरांत आंशिक क्षति का मुवावजा देने का प्रावधान है। जिसके अनुसार सहयोग करने की बात कही गई।वही संतोष महली एवं राजेन्द्र महली से लिखित आवेदन का मांग किया गया है।



# लौहनगरी में इस वर्ष सवा लाख पौधे लगायेगी टाटा कंपनी : चाणक्य चौधरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत आज कदमा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस मौके पर करंज, पुत्रंजीव और बकुल प्रजाति के 300 से ज्यादा पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान कार्बन उत्सर्जन को कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा करने के उद्देश्य से टाटा स्टील यूआईएसएल की व्यापक पर्यावरणीय स्थिरता पहल का हिस्सा है। वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील के साथ रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल और प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने किया। इस अवसर पर रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष जेएसयू, कैप्टन धनंजय मिश्रा, वरिष्ठ जीएम टीएसयू आईएस एल और टीएसयूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी उपस्थित थी। वरिष्ठ नेतृत्व टीम ने भी विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाने में भाग लिया। चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह दिवस विश्व स्तर पर पेड़ लगाने और हमारे पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। पेड़ हमारे ग्रह की जैव विविधता, पारिस्थितिक तंत्र, जलवायु और संस्कृतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे विश्वास है कि जमशेदपुर में स्थानीय समुदाय इस तरह के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस वर्ष पूरे जमशेदपुर में 1,25000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, रितु राज सिन्हा ने कहा, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हमारी कंपनी ने पर्यावरण और जल प्रबंधन सहित विभिन्न स्थिरता मापदंडों पर अपने लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं। हम अपने दृष्टिकोण के मूल में स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तथा पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करते हैं। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि करंज एक मध्यम आकार का, तेजी से बढ़ने वाला सदाबहार एवं पर्णपाती पेड़ है जो आमतौर पर लगभग 8 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचता है, और 15 से 25 मीटर तक बढ़ सकता और फैल सकता है। पुत्रंजीव एक प्रसिद्ध, मध्यम आकार का सदाबहार पेड़ है जो 12 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ सकता है। इसमें गहरे भूरे रंग की छाल के साथ लटकी हुई शाखाएं होती हैं जिनमें क्षैतिज दालें होती हैं, और बकुल एक सदाबहार पेड़ है जो एक अच्छी तरह से परिभाषित, घने, गोल चंदवा के साथ लगभग 16 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकता है।



## एक नजर में

### बिहारशरीफ में धारा 144 के बीच पहाड़पुरा इलाके में एक घर में विस्फोट, दो लोग घायल

बिहारशरीफ (हि.स)। नालंदा जिले के बिहारशरीफ में शनिवार को धारा 144 लागू रही। इस बीच यहां के पहाड़पुरा इलाके में एक घर में धमाका हुआ है। विस्फोट में दो लोगों के घायल होने की खबर है।धमाके की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि ब्लास्ट की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर गए थे। तनावपूर्ण स्थिति जैसी बात नहीं है।सीसीटीवी में झोपड़ी से धुआं निकलते हुए दिख रहा है। धमाके से दो लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है। मौके पर खून के छींटे मिले हैं। घायल अपना इलाज कहां करा रहे हैं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने स्वयं घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी भी तरह के विस्फोट की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है। विस्तृत जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाका हुआ है। झोपड़ी के अंदर टीन के डिब्बे मिले हैं। संभावना यह भी जताई जा रही है कि बम बनाने के दौरान ब्लास्ट हुआ हो।हालांकि,इस मामले में प्रशासन बम ब्लास्ट की घटना से इनकार कर रहा है। अब एफएसएल की टीम के आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### बेगूसराय में कल को होगा अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राज्य सम्मेलन

**बेगूसराय (हि.स.)।** बेगूसराय में 24 अप्रैल को अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राज्य स्तरीय सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वावधान में होगा। मां तारा कॉलेज विक्रमपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस सम्मेलन में राज्य भर के करीब तीन सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे। शनिवार को मार्क्समैन में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी आयोजन समिति ने दी। कार्यक्रम संयोजक और भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह ने कहा कि ग्राम स्वराज की बात होती है तो पहला नाम महात्मा गांधी का आता है। महात्मा गांधी की विदाई के इतने वर्ष हो गए, उसके बाद भी ग्रामीण विकास में बापू का दर्शन लागू नहीं किया गया। अखिल भारतीय पंचायत परिषद पंचायती सरकार को तीसरी सरकार का दर्जा दिलाने को लेकर हमेशा संघर्ष करती रही है। पंचायती राज को 29 विषय का अधिकार तो दिया गया लेकिन उसे पंचायत में केवल झुनझुना बना दिया है। पंचायत के नाम पर फैसला अधिकारी लेते हैं, जो सरासर गलत हैं। इन विषयों में युवाओं के लिए सबसे जरूरी खेल को शामिल नहीं किया गया है। मनरेगा, शौचालय और नाला से कोई भी पंचायत मॉडल नहीं बनेगा। मॉडल बनने के लिए सभी विषयों पर इमानदारी पूर्वक कार्य करना होगा। राज्य स्तरीय सम्मेलन में बिहार के सभी जिलों से जिला परिषद अध्यक्ष, सभी जिला से एक-एक प्रमुख, बेगूसराय के सभी मुखिया, जिला परिषद सदस्य एवं सभी प्रमुख शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान चार सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा खेल गतिविधि पर चर्चा होगी। राष्ट्रीय महासचिव सोमेश चौधरी ने कहा कि 73वें संशोधन से पंचायती राज मिला लेकिन अभी तक सभी अधिकार नहीं मिलने से पंचायती राज सशक्त नहीं हो सका। ग्रामसभा को अपने हिसाब से खेल को उन विषयों में शामिल करने का अधिकार मिले। बिहार के जिस वैशाली ने दुनिया को पहला लोकतंत्र दिया। उसी बिहार में जब ग्राम पंचायत को सभी अधिकार नहीं मिलेंगे तो वह कैसे सशक्त होंगे।

### संदिग्ध परिस्थिति में राजद नेता नगीना यादव की मौत

**बेगूसराय (हि.स.)।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और मस्ती फतेहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया नगीना यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। देर रात डंडारी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे से पुलिस उसे उठाकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मौत की सूचना मिलते ही राजद कार्यकताओं में शोक फैल गई तथा बड़ी संख्या में सदर अस्पताल पहुंचे कार्यकताओं ने मामले की जांच की मांग किया है। फिलहाल मेडिकल बोर्ड द्वारा बेगूसराय सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मस्ती फतेहपुर गांव निवासी नगीना यादव शुक्रवार की रात बखरी में आयोजित एक इफ्तार पार्टी में हिस्सा लेने गए थे। बखरी से वापस लौटने के दौरान रात आंधी और बारिश के समय नगीना यादव डंडारी इलाके से क्रॉस कर रहे थे। देर रात गश्ती के दौरान डंडारी थाना क्षेत्र के डंडारी ढ़ाला के समीप सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला।

### नवादा में मिले पांच कोरोना पॉजिटिव

**नवादा।** नवादा जिले में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ते दिख रहे हैं। नवादा में शनिवार को पांच लोग संक्रमित पाये गये है। पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप मच गया है। पिछले 48 घंटो में पांच लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। सिविल सर्जन डॉ रामकुमार प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। फिलहाल सभी कोरोना संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेट किया गया है। लैब टेक्नीशियन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन सदर अस्पताल में 800 लोगों का आरटीपीसीआर जांच किया जा रहा है।

### कबाड़ गोदाम में लगी आग,लाखों की संपत्ति जलकर राख

मोतिहारी (हि.स.)। जिले के पिपराकोठी मुख्य चौराहा के समीप एक कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गए। बरकुरवा निवासी अशोक जायसवाल की कबाड़ दुकान पिपरा कोठी चौक के जिओ टावर समीप है।जहां शनिवार के दिन के करीब दस बजे अचानक आग लग गयी।जिससे अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाया है। घटना के संबंध में लोगो ने बताया कि अचानक पहले धुंआ उठा जो थोड़ी ही देर विकराल रूप धारण कर लिया।स्थानीय लोगो के साथ अग्निशमन दल के छोटी वाहन के सहारे आग को बुझाने का प्रयास किया गया,लेकिन कोई नियंत्रण नहीं हुआ,तो धटना स्थल से कुछ ही दूर पर स्थित एसएसबी कैम्प से वाहन के साथ एसएसबी जवानों ने आकर आग पर काबू पाया। घटना के घंटो बाद जिला मुख्यालय से अग्निशमन विभाग की टीम बड़ी वाहन के साथ मौके पर पहुंची।

### दुमका : शांति और भाईचारे का पर्व ईद हर्षोउल्लास से मना

**दुमका।** शांति और भाईचारे का प्रतिक पर्व ईद शनिवार को हषोउल्लास से मना। ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और जामा मस्जिद सहित जिले के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले लगा और ईद की मुबारकबाद दी। शहर के जामा मस्जिद में ईद उल फिदरत के मौके पर तकरीर पढ़ी गई। इमाम ने ईद में शांति एवं भाईचारे का त्योहार का संदेश दिया। जिस तरह रमजान के महीने में इबादत की। वह जज्बा पूरे साल रखने का अपील किया। जरूरतमंदो की मदद हर वक्त करने और अपनी आमदनी का एक हिस्सा जकात के रूप में गरीबों के बीच बांटने, रमजान के महीने में गरीबों की सेवा करना अपनी आदत में शुमार करने का अपील किया। जिससे साल भर हम जरूरतमंदों के काम आ सकें। ईद के मौके पर सैदुलरहमानी मिस्वाही ने देश-दुनियां में अमन-चैन की दुआ की। ईद को लेकर दुमका और आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल रहा। ईद खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है। राजनीतिक व सामाजिक कार्यकत्ताओं समेत विभिन्न वर्ग के लोगों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ईद के अवसर पर शहर के दुधानी ईदगाह, जामा मस्जिद, जरुवाडीह, खिजुरिया, लखीकुंडी, डंगालपाड़ा, न्यू डंगालपाड़ा मस्जिद और आसपास के क्षेत्र समेत पूरे जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ने भारी भीड़ उमड़ी। जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में भी ईद का त्योहार प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया गया।

# मस्जिदों में अदा की गयी ईद की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली स्थित मस्जिद ए गौसिया, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांव की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर साहब के द्वारा 8:30 मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद साहब के द्वारा 8:30 बजे एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी के द्वारा 8:15 ईद की नमाज अदा कराई गई। ईद के नमाज की तैयारी को लेकर लोग सुबह से ही मस्जिदों में आना शुरू हो गए। वक्त होते-होते मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से भर गई और वक्ते मुकर्ररा पर इमाम के पीछे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जामा मस्जिद मदीना मस्जिद गौसिया मस्जिद के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। वही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बताया गया कि यह ईद इनाम के तौर पर दिया गया है। जब मोमिन सभी रोजा पूरा कर लेता है तो अंतिम दिन ईद मनाई जाती है। आगे उन्होंने बताया कि इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे छोड़कर आपस में मेलजोल भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दें। किसी तरह से भी किसी के लिए दिल में किना हसद ना रखें। ईद के नमाज से पूर्व जितने भी लोग हैं उन्हें सदकाए फितर अदा करना वाजिब है। सभी लोग नमाज से पहले पहले तक सदका ए फितर अदा कर देते हैं। जो जकात की ताकत रखते हैं वह सभी भी ईद से पहले पहले अपनी जकात भी अदा कर देते हैं। नमाज के बाद मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दुआएं की गई उन्होंने दीन दुनिया आखिरत के लिए दुआएं की। उनके द्वारा राज्य देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद सलातो सलाम पढ़ी गई। और इन लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज अदा करने की लेकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।



### ईद को लेकर बच्चों में देखी गई काफी उत्साह

ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखी गई बच्चे सुबह से ही नहा धोकर नए परिधानों में सज धज कर नजर आए। बच्चे भी आपस में गले लगाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए।

### ईद को लेकर कई तरह के बनाए जाते हैं व्यंजन

ईद की तैयारी को लेकर कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जिसे लेकर महिलाएं रात से ही लग जाते हैं। खासकर मीठी सेवइयां की की तो बात ही अलग है। जैसे शीर खुरमा, गुलाब जामुन, फालूदा, छोला पूड़ी, दही बड़ा, पलाव, बिरयानी, समेत अन्य कई तरह व्यंजन बनाए जाते हैं।

### सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा की गई थी पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा को लेकर महुआडाड पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था। महुआडांड़ थाना प्रभारी के निर्देश पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, गौसिया मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

## शांतिपूर्ण माहौल में ईद उल फितर की नमाज अता की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, शिबला, साल्वे, रत्नादाग, फुलसु, नावाडीह सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे मौलाना जसिमुद्दिन के नेतृत्व में नमाज अदा कराई गई। इटके ईदगाह में सुबह 8:30 बजे मौलाना शमसाद, साल्वे जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज इमतियाज, शिबला जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज शमसेर, फुलसु ईदगाह में 8:30 बजे हाफिज शमीम, नावाडीह मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज इरफान, बठेठ जामा मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज महताब, रत्नादाग जामा मस्जिद में 7 बजे हाफिज आरिफ बिल्लाह के द्वारा नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी एवं अपने हैसियत के मुताबिक गरीबों को दान भी दिया।वहीं बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नमाज अदा के पहले मस्जिद के इमाम ने कहा कि इस मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों को बहुत ज्यादा नवाजता है। और उसके दुआओं को आसानी से कबूलता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी दल बल के साथ पुरे प्रखंड क्षेत्र में गश्त करते दिखे। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन की ओर से गस्ती में शशिभूषण उरांव एवं मजिस्ट्रेट के रूप में इटके ईदगाह में रवी कुमार यादव, बारियातु जामा मस्जिद में अनेश्वर प्रसाद, फुलसु ईदगाह में प्रभात उरांव एवं शिबला जामा मस्जिद में रामदेव नगेसिया मौजुद रहे। इस मुबारक एवं खुशी के अवसर पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव,मुखिया शांति देवी, राजिव भगत, टोंटी पंसस मो होजैफा, पुलिस अवर निरीक्षक, दीपक नारायण सिंह, बिंदेश्वर महतो, रवी कुमार, टोंटी उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद समाजसेवी नन्दु उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में पहुँच कर ईद के मुबारक बाद दिए।



## मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं, एक दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

**बरवाडीह।** मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा शनिवार को ईद का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बरवाडीह के जामा मस्जिद के साथ-साथ पोखरीकला, छेंचा, कुचिला और अहिरपुरवा सहित अन्य मस्जिदों में सुबह ईद की नमाज बहुत ही अकीदत के साथ अदा की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए और नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। वहीं नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। उधर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने पोखरी कला जामा मस्जिद और कुचिला सहित अन्य मस्जिदों में पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई दी। बता दें कि बरवाडीह हमेशा कौमी एकता का मिसाल बना रहा है, और इस बार भी कुछ इसी अंदाज में हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नजर आई। हर मस्जिदों और चौक चौराहों में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।

### दिन भर चलता रहा दावतों का दौर

ईद के मौके पर देर रात तक दावतों का दौर चलता रहा। उधर कुचिला स्थित समाजसेवी नजाम खान के आवास पर विधायक रामचंद्र सिंह, एसडीपीओ दिलु लोहार, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, समाजसेवी श्रवण सिंह, दीपक प्रसाद और कृष्णा प्रसाद सहित कई दिग्गज नेता और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर ईद की बधाई दी और दावत का लुत्फ उठाया।



ईद की मुबारकबाद देते विधायक।

## स्पीड न्यूज

### हनुमान मंदिर में मनायी गयी भगवान परशुराम की जयंती



**लातेहार।** शहर के अंवाटीकर में स्थित हनुमान मंदिर में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय ने किया। सभा को संबंधित करते हुए प्रेमचंद पांडेय ने बताया कि परशुराम को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम का संचालन अंकित पांडेय ने किया। मौके पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम की जीवनी व उनसे जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आशीष पांडेय ने दिया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के सच्चिदानंद पांडेय, नरेश पाठक, त्रिभुवन पाण्डेय, राजन तिवारी, ललित पांडेय, पंकज तिवारी, ध्रुव पांडेय, रवि प्रकाश दुबे, विशाल भास्कर, जयकिशोर उपाध्याय, प्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, पारस तिवारी, रोहित तिवारी, अरविंद पाठक, सौरव पाठक, बिपुल पांडेय, पीपी पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

### लाखों की संपत्ति जलकर राख

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड स्तिथ संतोष सोनी के सुनार दुकान में आग लग गयी। जिससे लाखो का समान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में दुकान संचालक संतोष सोनी ने बताया कि अन्य दिनों की तरह वह शुक्रवार को दुकान बंद कर अपने घर चला गया हुआ था। जहां शनिवार की अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे दुकान में आग लग गई। आग लगा देख आसपास के रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना संतोष को दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। घटना में दुकान में रखा चौकी, गद्दा, इनवर्टर, सोने और चांदी से बने कई सामान सहित दुकान में रखे हुए नगद रुपये भी जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं दुकान संचालक में इसकी सूचना बालूमाथ थाना पुलिस को दे दी है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शांतिपूर्ण माहौल में ईद उल फितर की नमाज अदा किया गया



**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरीकला बेतला सरईडीह इस्लामपुर मस्जिदो मे मुस्लीम धर्मावलंबियो के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। पोखरीकला जमा मस्जिद जमाले तैयबा सईदना मस्जिद बेतला मस्ज़िद मौलना शेखावत बेतला, मौलना हनान मिसवाही पोखरीकला मौलना जुबैर साहब मौलना तोकीर साहब इन सभी मौलनाओ के द्वारा नमाज कदा कराई गई। वहीं मस्जिदों मे ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से लोगो के बीच जानकारी दि गई। वहीं ईद की नमाज के एक दुसरे से गले मिलकर ईद उल फितर की शुभकमाए एक दुसरे को देते रहे। वहीं पोखरीकला के कमेटी के साथ-साथ समाजसेवी ने एक दुसरे से मिलकर ईद की शुभकमानाए दिए हाजी मुमताज, अली सफीक अंसारी, ऐनूल होदा, गुलाब अंसारी, वही सईदना कमेटी के कुतबूदीन अंसारी सलाम अंसारी, मनान अंसारी, अताउल अंसारी, सोएब अंसारी, महफुज आलम, हसीबूल अंसारी, ऐनूल अंसारी, राशीद अंसारी, दानिस अंसारी, बेतला से नसीम अंसारी, सईद अंसारी ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की एक दुसरे से मिलकर बधाई देने का काम किए। वहीं मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह बरवाडीह, बीडीओ राकेश सहाय, पुनि अनील उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के सभी मुस्लीम बहुल्य क्षेत्र मे पहुंचकर ईद उल फितर की दिए शुभकमनाए।

## मनिका प्रखंड में दुष्कर्म की पीड़िता ने न्याय के लिए पुलिस प्रशासन से लगाई गुहार

# दो बार आवेदन देने के बाद भी दर्ज नहीं हुआ मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित दुंदु पंचायत के ग्राम दुंदु निवासी दुष्कर्म की पीड़िता जिसका काल्पनिक नाम बबीता कुमारी उम्र लगभग 17 वर्ष हो रहा है जिसके साथ अखिलेश कुमार पिता भिखारी भुइयां ग्राम बेंदी टोला सुखलकट्ठा थाना लातेहार के निवासी ने 2021 मार्च से 2023 तक पीड़िता के साथ शारीरिक शोषण करते आ रहा है। युवक हमेशा ही पीड़िता को धमकी देकर उसके साथ शारीरिक शोषण करता था,पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व 1 अप्रैल को युवक पीड़िता को जबरदस्ती बाइक में बैठा कर पतकी जंगल लेकर जा रहा था,इसी क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में पीड़िता के बायां पैर फैक्चर हो गया है दुर्घटना होने से युवक डर गया और पीड़िता को सदर अस्पताल लातेहार ले जाकर इलाज कराया फिर पीड़िता को घर लाकर छोड़ दिया। पीड़िता अभी भी घायल अवस्था में है। पीड़िता ने युवक के खिलाफ 2 अप्रैल और 20 अप्रैल को एफ आई आर दर्ज कराने के लिए महिला थाना लातेहार को आवेदन दिया था लेकिन पीड़िता का मामला दर्ज नहीं किया गया। जिसके बाद पीड़िता थक हार कर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी से संपर्क करके मामले के विरोध में उन्हें आवेदन सौंपा। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रखंड टीम ने पीड़िता के घर जाकर पुरी मामले की जांच पड़ताल किया और पीड़िता को न्याय दिलाने की आश्वासन देते हुए लातेहार महिला थाना जाकर जल्द ही मामला दर्ज करवाने की बात कही। मौके पर सीमा कुमारी, विशाल कुमार पासवान, भाकपा माले नेता अजय यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## चंदवा में शांतिपूर्ण माहौल में मनी ईद मांगी गयी अमन शांति की दुआएं



एक दुसरे से गले मिल बधाई देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शहर समेत मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में शनिवार को ईद उल-फितर का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। शनिवार की सुबह चंदवा के शुक्र बाजार, तिलैयाटांड, कामता, कुजरी, हुचलु, बोदा, बेलवाही, माल्हन, चकला समेत विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमंदों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। कोरोना संक्रमण काल के दो वर्ष बाद लोगों ने इस वर्ष ईद पर सामूहिक रूप से मिल-जुलकर इबादत किये। सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद मित्रों एवं सगे संबंधियों के घर जाकर सेवई के दावत का लुत्फ भी उठाया। इसके पूर्व शनिवार की शाम चांद दिखने के बाद से ही मुस्लिम धर्मावलंबी खुशी का इजहार किया व एक दूसरे को चांद रात की बधाई दिए। इस दौरान चंदवा बाजार में भी रौनक देखने को मिली। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार ईद के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद देखी गयी। बाजार, चौक-चौराहों एवं मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई थी।

## बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर राष्ट्रीय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

➲ 2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त देश बनाना लक्ष्य: एलन टोपनो



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन (केएससीएफ) के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय परीचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर से गैर सरकारी सामाजिक संगठनों के लोग जुड़े व सरकार से एक स्वर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने, मौजूदा कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की। साथ ही सरकार से बाल विवाह निषेध कानून बनाने व 18 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराने की मांग की। बिहार मेनो नाइट मंडल के अध्यक्ष एलेन टोपनो ने कहा कि हमारी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के साथ मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ हर कदम उठा रही है। बाल विवाह मानव स्वतंत्रता, सम्मान, सामाजिक नैतिकता, समानता एवं समावेशी करण पर बहुत बड़ा हमला है। हम सभी सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों से अनुरोध करते हैं कि कानून में संशोधन के साथ साथ अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा उम्र सीमा को 18 वर्ष करके बच्चों एवं विशेषकर लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करें। इससे बाल विवाह को रोकने में काफी मदद मिलेगी। हमारा लक्ष्य सन 2030 तक समाज को बाल विवाह को पूर्णतः समाप्त कर बाल विवाह मुक्त देश बनाना है।

## मनिका प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्यौहार



मौके पर उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ सभी मस्जिदों में अकीदतमंदो ने अदा की ईद की नमाज

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। ईद के नमाज की तैयारी को लेकर क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही जिसके बाद सभी ने ईद की नमाज अदा की। नमाज से पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी भी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद का मुबारकबाद दिया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के अन्य समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए कमार्ही स्थित चौकिया गांव निवासी युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी के आवास पर पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दिए और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। ईद त्यौहार को लेकर खासतौर पर बच्चों में काफी उत्साह देखी गई। वहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, इसराइल अंसारी, रघुपाल सिंह, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, नागेंद्र यादव, अनिल यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कार की चपेट में आया ऑटो सवार, दो लोग गंभीर रूप से घायल, एक का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के लुकुईया के समीप बीती देर रात्रि एक कार ने ऑटो को चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से ऑटो में सवार 2 लोग मदन गंझू व राजेश गंझू (दोनो अमझरिया चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार लोगो के द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मदन गंझू की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो सवार लोग चंदवा बाजार से अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान कार ऑटो को चपेट में ले लिया। कार के चपेट में आने के बाद ऑटो में सवार एक युवक मदन गंझू का पैर कार के चक्के के चपेट में आ गया व पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का विधायक रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन




उद्घाटन के दौरान विधायक व अन्य।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमु चौक के समीप स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह बेतला के पूर्व मुखिया संजय सिंह समेत कई लोगों ने फीता काटकर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा आज के परिवेश में सबसे अहम जरूरी है। लोग आधे रोटी खाए लेकिन अपने बच्चों को गुणवक्ता युक्त शिक्षा अवश्य ग्रहण कराएं। तभी समाज सुधरेगा एवं बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे। इस दौरान शिक्षक सह कोचिंग सेंटर के संचालक विकास सिंह, संजीव पाल ने कहा कि ऐसे क्षेत्र में भी शिक्षा की घोर कमी है। हम सभी का प्रयास है कि कम संसाधन और कम खर्च में यहां के छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल पाए। इसके लिए हम लोग सदा तत्पर रहेंगे। ताकि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य को उज्जवल कर सके एवं अपने माता-पिता का भी सपना को पूरा करें। मौके पर जयप्रकाश बैठा उमेश कुमार रजक, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। क्लास एक मई से प्रारंभ कर दी जाएगी।

# राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न, प्रखंड अध्यक्ष बने हीरा प्रसाद यादव

एजेंसी

**लातेहार।** होटल कार्निवाल में शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। बैठक में चर्चा किया गया कि लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण शुन्य कर दिया गया है। जबकि इस जिले में ओबीसी की जनसंख्या लगभग 68% है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। वर्तमान आरक्षण व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए हमें किस प्रकार की पहल करनी चाहिए सभी लोगों ने अपना महत्वपूर्ण विचार दिए। नियुक्ति से पूर्व वर्तमान आरक्षण व्यवस्था पर रोक लगाने हेतु उच्च न्यायालय में रिट दायर करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके लिए जन आंदोलन की बात कही गई। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि संगठन को हर दृष्टि से मजबूत करना गांव पंचायत तक ले जाना है। अब बड़ा से बड़ा आंदोलन करना होगा। जिससे हम लोगों का हक अधिकार मिल सके।



मौके पर मौजूद लोग।

## प्रखंड ओबीसी मोर्चा का किया गया गठन

जिसमें प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव संजीत प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, संजय यादव, कपिल प्रसाद, मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता का चयन किया गया। साथ ही अगली बैठक में प्रखंड कमेटी का पूर्ण विस्तार का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिवक्ता सुनील प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, अरविंद कुमार चंद्रवंशी, उमेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, प्रवीण कुमार यादव, संतोष कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, संजीव कुमार चंद्र, मिशाल कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार यादव, शिव शंभू प्रसाद, नीरज प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता, उदय कुमार यादव, जनेश्वर यादव, ठाकुर दयाल यादव, कुलदीप यादव, प्रदुमन यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।





# लखनऊ के जबड़े से गुजरात ने छीन ली जीत, मोहित बने जीत के हीरो

## अंक तालिका


| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.043 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.547 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.355 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.212 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.162 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.068 |
| मुंबई | 6 | 3 | 6 | 6 | -0.254 |
| कोलकाता | 6 | 2 | 4 | 4 | +0.214 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.794 |
| दिल्ली | 6 | 1 | 5 | 0 | -1.183 |

**पर्पल कैप**



अर्शदीप सिंह
पंजाब
विकेट: 13

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 343

## स्कोड़ कार्ड

**गुजरातः 135/6 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. हूड्डा बो. क्रुणाल पंड्या | 47 | 37 | 6/0 |
| गिल कै. बिश्नोई बो. क्रुणाल पंड्या | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक कै. बिश्नोई बो. स्टॉइनिस | 66 | 50 | 2/4 |
| मनोहर कै. नवीन बो. अमित मिश्रा | 03 | 05 | 0/0 |
| विजय शंकर बोल्ड नवीन | 10 | 12 | 1/0 |
| मिलर कै. हूड्डा बो. स्टॉइनिस | 06 | 12 | 0/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 01

**विकेट पतन**: 1-4, 2-72, 3-77, 4-92, 5-132, 6-135.

**गेंदबाज** :नवीन-उल-हक : 4-0-19-1, क्रुणाल पंड्याः 4-0-16-2, आवेश खान : 3-0-21-0, रवि बिश्नोई : 4-0-49-0, मार्कस स्टॉइनिस :3-0-20-2 अमित मिश्रा : 2-0-9-1.

**लखनऊ:128/7 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुल कै. यादव बो. मोहित | 68 | 61 | 8/0 |
| काईल मेयर्स बोल्ड राशिद खान | 24 | 19 | 2/1 |
| क्रुणाल कै. साहा बो. अहमद | 23 | 23 | 2/1 |
| पूरन कै. हार्दिक बो. अहमद | 01 | 07 | 0/0 |
| आयुष बदोनी रन आउट | 08 | 06 | 0/0 |
| स्टॉइनिस कै. मिलर बो. मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| दीपक हूड्डा रन आउट | 02 | 02 | 0/0 |
| प्रेरक मांकड नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :02

**विकेट पतन**: 1-55, 2-106, 3-110, 4-126, 5-126, 6-127, 7-128.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 3-1-18-0, जयंत याद्व : 4-0-26-0, राशिद खान : 4-0-33-1, मोहित शर्मा : 3-0-17-2, नूर अहमद : 4-0-18-2, हार्दिक पंड्या : 1-0-7-0, राहुल तेवतिया : 1-0-8-0.



मैन ऑफ द मैच
मोहित शर्मा
3 ओवर
0 मेडन
17 रन
2 विकेट

**एजेंसी**

**लखनऊ।** हार्दिक पंड्या के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के चमत्कारी खेल से गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के जबड़े से जीत को छीन को लिया। आईपीएल 2023 के 30वें मैच में गुजरात ने लखनऊ को 7 रन से हरा दिया। इस मैच में गुजरात की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर के खेल में 135 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में लखनऊ 20 ओवरों के खेल में 7 विकेट गंवाकर 127 रन ही बना सकी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला गया था। गुजरात के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरे लखनऊ के लिए कप्तान केएल राहुल और कायल मेयर्स टीम को एक बार फिर से सधी हुई शुरूआत दी थी। हालांकि राहुल लगातार दूसरे मैच में पहला ओवर मेडन निकाल दिया। शुरू में तेज खेलने के बाद राहुल का स्ट्राइक रेट अर्धशतक के बाद नीचे गिर गया और 61 गेंद में 68 बनाए। राहुल की यह पारी टी20 के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं मानी जा सकती है। अपनी इस पारी में उन्होंने कुल 8 चौके भी लगाए।इसके अलावा कायल मेयर्स ने भी टीम 24 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मेयर्स अपनी इस पारी में 19 गेंदों का सामना करना करते हुए 2 चौके और 1 छक्का भी लगाए। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे 23 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए जिसमें उन्होंने 2 चौका और 1 छक्का भी लगाए।

### गुजरात की रही थी खराब शुरूआत

मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरूआत काफी खराब रही। इस सीजन में शानदार बल्लेबाजी कर रहे ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल लखनऊ के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके हालांकि उनके जोड़ीदार ऋद्धिमान साहा ने जरूर 47 रनों की पारी खेली लेकिन उनके आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान हार्दिक पांड्या को किसी अन्य बल्लेबाज का साथ नहीं मिल सका। पंड्या 66 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 50 गेंद का सामना किया जिसमें चार छक्के और दो चौके भी लगाए। इसके अलावा विजय शंकर सिर्फ गुजरात के लिए दहाई का आंकड़ा पार सके।



### केएल राहुल ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे, टी-20 में बनाये 7000 रन

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने इस पारी के दौरान टी20 करियर में अपने 7000 रन पूरे कर लिये।

राहुल टी20 में सबसे तेज 7000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 197 पारियों में ऐसा किया। विराट कोहली ने 212 पारियां ली थीं।

**60+ गेंद खेलकर तीसरी सबसे धीमी पारी**

राहुल के नाम आईपीएल में 60 से ज्यादा गेंद खेलने के बाद तीसरी सबसे धीमी पारी का रिकॉर्ड आ गया है। उन्होंने 111.68 की स्ट्राइक रेट से 61 गेंद पर 68 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 63 गेंद पर 95.65 की स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाए थे।

**दूसरी बार 4 गेंद पर 4 विकेट**

गुजरात आईपीएल में चार गेंद पर 4 विकेट लेने वाली दूसरी टीम बन गए हैं। 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ ऐसा किया था।

**राहुल का लंबा खेलना मतलब हार**

केएल राहुल ने आईपीएल में 26 बार 50 या उससे ज्यादा गेंदें खेली हैं। इस दौरान उनकी टीम 12 मुकाबलों में हार गई।

शुभमन गिल 2021 आईपीएल सीजन से 4 बार डक हो चुके हैं। उन्होंने इस दौरान सलामी बल्लेबाजों में ज्यादा डक होने के फाफ डु प्लेसिस के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

## आरसीबी के घर में होगा राजस्थान का हल्ला बोल

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का 32वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भिड़ने के लिए तैयार है। ऐसे में आरसीबी के घर में राजस्थान रॉयल्स की टीम हल्ला बोलेगी। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के 16वें सीजन में धमाकेदार फॉर्म है। टीम टूनार्मेंट में कुल 6 मैच खेल चुकी जिसमें से उसने 4 में जीत हासिल की है और उसे सिर्फ दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। लगातार दमदार खेल के कारण राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर विराजमान है।वहीं आरसीबी 6 में से 3 मैचों में जीत हासिल कर पांचवें स्थान पर काबिज है। ऐसे में अपने घर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आरसीबी को अपनी स्थिति बेहतर करनी है तो उसे हर हाल में जीत हासिल करना होगा। हालांकि उससे पहले आइए जानते हैं कैसा रहेगा चिन्नस्वामी का पिच और मौसम का हाल।





## जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी सीएसके, केकेआर वापसी को बेताब

**कोलकाता।** लगातार तीन मैचों में हार से मुश्किल में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दोनों मैच जीते हैं और उसका लक्ष्य यहां लगातार तीसरी जीत दर्ज करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना होगा। केकेआर के अभी छह मैचों में चार अंक हैं। उसकी शुरूआत अच्छी रही थी लेकिन पिछले तीन मैचों में उसे सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा।




## जोकोविच हमवतन सर्बियाई खिलाड़ी से हारे



**बंजा लुका।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्पस्का ओपन टेनिस टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन डुसान लाजोविच से हार गए। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि जोकोविच को अपने हमवतन किसी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। लाजोविच ने शुक्रवार को खेले गए इस मैच में 6-4 7-6 (6) से जीत दर्ज करने के बाद कहा, ह्ययह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। जोकोविच मेरा अच्छा दोस्त और हमारे देश का नायक है। मैंने उसे हराने के बारे में सोचा तक नहीं था लेकिन ऐसा हो गया। जोकोविच को इससे पहले आखिरी बार सर्बिया के किसी खिलाड़ी से 2012 में हार का सामना करना पड़ा था। तब मैड्रिड में जांको टिप्सारेविच ने उन्हें पराजित किया था।

## शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज : भारत के अर्जुन एरिगासी नें बनायी बढ़त

**अस्ताना, कजाकिस्तान।** एक और जहां अस्ताना में विश्व शतरंज चैंपियनशिप खेली जा रही है तो दूसरी और शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज का कल शुभारंभ हो गया। इसके साथ ही भारत के अर्जुन एरिगासी नें दो माह बाद इंटरनेशनल शतरंज में वापसी की। 12 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर हो रहे ईस टूनार्मेंट में पूर्व विश्व चैंपियन रूस के ब्लादिमीर क्रामनिक, पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक, विश्व कप विजेता यूएसए के लेवान अरोनियन और फीडे कैंडिडैट विजेता इजराइल के बोरिस गेलफंड जैसे बड़े नामों के बीच 6 राउंड के बाद भारत के अर्जुन एरिगासी नें 5.5 अंक बनाते हुए एकल बढ़त हासिल कर ली है। अर्जुन नें अब तक अर्मेनिया के हैक मरतिरोसयान, उज्बेकिस्तान के जावोखीर सिंदारोव और वाखीदोव सिंदारोव, चीन की हाऊ ईफान, कजाकिस्तान की बीबीसारा अस्सौबाएवा को पराजित किया है जबकि रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक से बाजी ड्रॉ खेली है। छह राउंड के बाद अर्जुन 5.5 अंको के साथ पहले लेवान 4.5 अंको के साथ दूसरे तो क्रामनिक 3.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे है। अर्जुन तिरुपति मे अपने बाल दान करने के बाद पहली बार कोई टूनार्मेंट खेल रहे है। शतरंज ओलंपियाड मे व्यक्तिगत रजत पदक जीतने वाले अर्जुन पिछले दो साल मे भारतीय शतरंज की नयी पहचान बनकर उभरे है और खुद विश्व चैंपियन मेगनस कार्लसन उनके प्रशंसको मे शामिल है।

## नेशनल पोकर सीरीज इंडिया का रिकॉर्ड भागीदारी के साथ समापन

**नयी दिल्ली।** पोकरबाजी पर आयोजित देश की प्रतिष्ठित पोकर सीरीज, नेशनल पोकर सीराज इंडिया (एनपीएस) 2023 के तीसरे संस्करण का काफी उत्साहवर्धक और जोशीले अंदाज में समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर के पोकर के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आए। उन्होंने 18 दिन की कड़ी मेहनत के बाद यह प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया। ये तीनों भारतीय खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर लासवेगास में होने वाली पोकरबाजी की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एमपी वर्मा एकादश का ट्रॉफी पर कब्जा

**पटना।** संचित गुप्ता (18 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद अर्जुन देशमुख (38) और यश प्रताप (24) की शानदार बल्लेबाजी की मदद से एमपी वर्मा एकादश ने झारखंड को हरा कर लगातार तीसरी बार अखिल भारतीय एमपी वर्मा प्राइज मनी क्रिकेट कप पर कब्जा कर लिया। ऊर्जा क्रिकेट स्टेडियम में दो पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुरेंद्र अमरनाथ तथा सुरेंद्र खन्ना के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की मौजूदगी में खेले गये फाइनल में झारखंड ने पहले खेलते हुये 126 रन बनाये, जवाब में एमपी एकादश ने विजय लक्ष्य चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# अर्शदीप सिंह के सामने पस्त हुई मुंबई इंडियंस, आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स को मिली रोमांचक जीत

**एजेंसी**

**मुंबई।** आइपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस की लगातार तीन जीत का सिलसिला रूक गया है। पंजाब किंग्स ने मुंबई को उसके घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर 13 रन से हराया। सैम करन की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी और हरप्रीत भाटिया के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 गेंद में 92 रन की साझेदारी के दम पर पंजाब किंग्स ने आठ विकेट पर 214 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई इंडियंस ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की। लेकिन टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। मुंबई को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे लेकिन अर्शदीप सिंह ने सिर्फ 2 रन दिये और 2 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

### पंजाब की तेज शुरूआत

पहले फील्डिंग का फैसला करने के बाद कैमरून ग्रीन ने पारी के तीसरे ओवर में चौका खाने के बाद मैथ्यू शॉट (10 गेंद में 11 रन) को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलायी। दूसरे छोर से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद में 26 रन) ने जेसन बेहरेनडॉर्फ के खिलाफ दो छक्के लगाये तो वहीं अथर्व तायडे (17 गेंद में 29 रन) ने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ स्लिप के ऊपर से छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाजों ने छठे ओवर में पीयूष चावला के खिलाफ एक-एक चौका लगाकर पावर प्ले में टीम के स्कोर को एक विकेट पर 58 रन कर दिया। अगले ओवर में अर्जुन तेंदुलकर ने प्रभसिमरन सिंह को पगबाधा कर तायडे के साथ दूसरे विकेट के लिए उनकी 25 गेंद में 47 रन की साझेदारी को तोड़ा।



मैन ऑफ द मैच
सैम करन

### चावला को एक ओवर में दो विकेट

पीयूष चावला ने 10वें ओवर में पंजाब को दो झटके दिये। लियाम लिविंगस्टोन (12 गेंद में 10 रन) स्टंप हुए तो वहीं तायडे गेंद को विकेट पर खेल बैठे। हरप्रीत भाटिया और कप्तान सैम करन अगले चार ओवर में सिर्फ 22 रन बटोर सके। करन ने 15वें ओवर में ऋतिक शौकिन के खिलाफ छक्का लगाकर रन गति को तेज किया तो वही 16वें ओवर में तेंदुलकर का स्वागत छक्के से किया। उन्होंने इस ओवर में एक चौका जड़ स्ट्राइक भाटिया को दिया जिन्होंन छक्का और दो चौका लगाया। पंजाब ने इस ओवर से 31 रन बटोरे। ग्रीन ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर भाटिया को बोल्ड किया लेकिन क्रीज पर आये जितेश शर्मा ने लगातार दो छक्के लगा दिये।

# तीरंदाजी विश्वकपः भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी**

**अंताल्या।** ज्योति सुरेखा वेनम और उनकी जोड़ीदार ओजस देवताले ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर विश्वकप तीरंदाजी के पहले चरण में कंपाउंड मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारत का यह मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा में विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले ज्योति और अभिषेक वर्मा ने पेरिस में 2022 में विश्वकप के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे वर्मा की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा 16 निशानों में से 15 निशाने सही लगाकर अपनी 12वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंदी टीम को एकतरफा फाइनल में आसानी से हराया। ज्योति और 20 वर्षीय देवताले की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गवाया नहीं तो स्कोर 160 में से 160 होता। ज्योति और देवताले ने लगातार ह्यपरफेक्ट 10' का स्कोर बनाया और जल्द ही 120-116 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर आसानी से पहला स्थान हासिल किया।



## पेज 1 का शेष

### शराब घोटाले में...

जबकि शराब घोटाले मामले में छतीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी समेत अन्य के ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। ऐसे में इडी लिंक तलाश रही है कि झारखंड में शराब नीति बनाने और कंपनियों के ठेके आवंटन में छतीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी और शराब कारोबारियों की भूमिका क्या थी? छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी एक्साइज पॉलिसी : चूंकि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए सरकार ने प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था। झारखंड में यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। माना जा रहा है कि झारखंड सरकार के एक्साइज सेक्रेटरी और डायरेक्टर की ओर से इस मामले में इडी के समक्ष पक्ष रखे जाने के बाद यहां भी जांच शुरू हो सकती है। **सचिव और आयुक्त को समन किया था :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने झारखंड के एक्साइज डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी विनय कुमार चौबे और आयुक्त करण सत्यार्थी को नोटिस जारी किया था। दरअसल झारखंड सरकार ने पिछले साल एक्साइज की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। इडी की छत्तीसगढ़ इकाई वहां हुए जिस शराब घोटाले की जांच कर रही है, उसमें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके सहयोगी सिद्धार्थ सिंघानिया की बड़ी भूमिका बतायी जा रही है। इडी झारखंड सरकार के उत्पाद सचिव और आयुक्त से यह जानना चाहती है कि झारखंड में शराब बिक्री की पॉलिसी में इन दोनों शख्स की क्या भूमिका रही है।

### इडी ने 24 को...

इडी ने वक्त देने से साफ इनकार कर दिया। शुक्रवार को भी उन्होंने वकीलों के द्वारा तमाम कोशिशें की पर संभव नहीं हो सका। ईडी ने एक और समन जारी करते हुए 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने का निर्देश दिया है। शुक्रवार की सुबह छवि रंजन के वकील ने इडी कार्यालय पहुंचकर जानकारी दी थी कि छवि रंजन 18 अप्रैल से एक मई तक पितृत्व अवकाश पर हैं। **सहयोग नहीं करने पर कार्रवाई संभव :** इडी सूत्रों के मुताबिक वकीलों के आश्वासन के बाद एजेंसी की तरफ से 24 अप्रैल सोमवार को छवि रंजन को तलब किया है। सोमवार की सुबह 11 बजे उन्हें इडी के समक्ष हाजिर होने के लिए तीसरा समन भेजा गया है। छवि रंजन जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं करेंगे तो एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

### मौसम ने ली करवट...

**इन जिलों में हुई बारिश :** रांची, रामगढ़, बोकारो, देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा जिले के कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा हुई। रांची में 3.0 मिमी, बोकारो में 1.0 मिमी, गुमला में 0.5 मिमी, खूंटी में 2.5 मिमी, सिमडेगा में 4.0 मिमी, जमशेदपुर में 0.4 मिमी तथा अन्य जिलों में हल्के दर्जे व बूंदाबांदी हुई है। **जारी की थी चेतावनी :** गौरतलब है कि इससे पहले मौसम विभाग की तरफ से पूर्व में ही गुमला, लातेहार, लोहरदगा, रांची, बोकारो और रामगढ़ में तेज हवा के साथ वज्रपात होने का अनुमान लगाया था।

### राहुल गांधी ने...

मैं सच बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। मानहानि के मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद सांसद के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोग्य घोषित किये गये थे। अपने आधिकारिक आवास से अपना सारा सामान ले गये। नोटिस के मुताबिक उन्हें 22 अप्रैल तक बंगला खाली करना था। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मेरे भाई जो कुछ भी कह रहे हैं वह सच है। हम डरने वाले नहीं हैं। भाई ने जो कहा वह एकदम सच है। उन्होंने सच्चाई बोली सरकार के बारे में इसीलिए यह हो रहा है उनके साथ। बहुत हिम्मतवाले हैं बिल्कुल डरते नहीं हैं, नहीं डरेंगे और अपना संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह घर वो अब किसी को भी दे सकते हैं। मोदी सरकार और अमित शाह जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध है। राहुल गांधी पहली बार 2004 में उत्तर प्रदेश के अमेठी से सांसद चुने गये और 2019 में उन्होंने वायनाड से लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की थी। राहुल गांधी के बंगला छोड़ने के बाद कांग्रेस ने गुलाम नबी आजाद पर भी तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस में कुछ लोग थे जो अपने सिद्धांत भूल गए। एक फिल्म आई थी साहिब बीबी और गुलाम उसका सीक्वल बनना चाहिए साहिब, कोठी और गुलाम। पवन खेड़ा ने आगे कहा कि कोठी से जिसे इतना मोह हो जाए कि आप 50 साल जिस विचारधारा के लिए लड़ते रहे उसी से समझौता कर लें। ऐसे लोगों को राहुल गांधी से सीखना चाहिए

